आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* अपरा एकादशी व्रत
* अचला एकादशी ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 117 | उज्जैन, बुधवार 13 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## नीट का पेपर लीक होने से परीक्षा रद्द, जांच सीबीआई को

### परीक्षा के लिए 6 से 8 दिन में नई तारीख का ऐलान होगा, एनटीए ने माना- हम जिम्मेदार, सवाल पूछने पर बिना जवाब दिए निकले शिक्षा मंत्री प्रधान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पेपर लीक के आरोपों के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा 3 मई को हुई थी। 22.79 लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। एनटीए डीजी अभिषेक सिंह ने कहा- इस गड़बड़ी के लिए हम जिम्मेदार हैं। परीक्षा दोबारा कराई जाएगी। 6 से 8 दिन में नई तारीख का ऐलान होगा।

उधर, केंद्र सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। एजेंसी ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। एनटीए ने बताया कि भारत सरकार की मंजूरी मिलने के बाद परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया। वहीं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से दिल्ली में इस मामले में मीडिया ने सवाल पूछा तो वह बिना कुछ बोले निकल गए।

**केरलम से सीकर पहुंचा क्वेश्चन बैंक, टाइमलाइम से समझें-** नीट का पेपर क्वेश्चन बैंक के जरिए लीक किया गया। इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से ज्यादा सवाल थे। ये सभी हाथ से लिखे गए और इनकी हैंडराइटिंग भी एक ही थी। जांच एजेंसी पता लगा रही हैं कि आखिर यह पेपर लीक कहां से हुआ। हालांकि, इसका खुलासा राजस्थान के सीकर से हुआ।




- **1 मई: केरलम से राजस्थान भेजा क्वेश्चन बैंक-** केरलम के कॉलेज में एमबीबीएस कर रहे चूरू के एक लड़के ने क्वेश्चन बैंक सीकर में अपने दोस्त को भेजा।
- **2 मई: राजस्थान में पेपर शेयर हुआ-** दोस्त ने क्वेश्चन बैंक सीकर के एक पीजी संचालक को दिया। उसने पीजी में रहने वाले स्टूडेंट्स को 'क्वेश्चन बैंक' शेयर कर दिया। इसी तरह दूसरे स्टूडेंट्स और करियर काउंसलर्स तक पहुंचा। इसी तरह बंटता चला गया।
- **3 मई: पीजी संचालक ने पुलिस में शिकायत की-** परीक्षा होने के बाद सीकर के एक पीजी संचालक ने उद्योग नगर थाने और एनटीए को यह शिकायत दी थी कि एक कथित क्वेश्चन बैंक बड़ी संख्या में छात्रों को मिला है।
- **6-7 मई: पेपर से जुड़ी ऑनलाइन चैट वायरल-** आंसर-की और परीक्षा से जुड़ी चर्चाएं ऑनलाइन सामने आने के बाद छात्रों और कोचिंग सेंटर्स में एक कथित 'क्वेश्चन बैंक' को लेकर चर्चा शुरू हुई, जो कथित तौर पर असली परीक्षा से काफी मिलता-जुलता था।
- **7 मई: एनटीए ने गड़बड़ी की बात कही-** एनटीए ने पुष्टि की कि उसे परीक्षा के 4 दिन बाद, यानी 7 मई को कथित गड़बड़ियों से जुड़े इनपुट मिले थे। एजेंसी ने बताया कि यह मामला राजस्थान और उत्तराखंड से सामने आया।
- **8 मई: एनटीए ने जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंपी।**
- **10 मई: 13 लोग अरेस्ट-** राजस्थान पुलिस स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने कहा कि उसने नीट पेपर लीक मामले की जांच शुरू कर दी है। 12 मई तक सीकर और आसपास के इलाकों से 13 लोगों को अरेस्ट किया।

### राहुल बोले- पीएम का अमृतकाल, विषकाल बन गया

राहुल ने अपने एक और एक्स पोस्ट में लिखा- देश के युवाओं के सामने एक गंभीर बात रखना चाहता हूं। एक काम कीजिए खुद गूगल कीजिए और देखिए की नीट 2024 की भयंकर चोरी के दौरान एनटीए का डीजी कौन था, और मोदी सरकार ने उसे आज कहां बैठाया है? राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को इनाम देती है, तरक्की देती है। मोदी जी और भाजपा आपके भविष्य की चोरी में साझेदार हैं। जिस बाजार में आपकी मेहनत, आपके सपने नीलाम हो रहे हैं, उसका एक ही उसूल है कि जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम।



**दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल:** पेपर लीक मामलों में राजनीतिक संरक्षण है और पिछले नौ साल में नीट का पेपर चार बार लीक हुआ, लेकिन किसी भी आरोपी को सजा नहीं मिली।

### सीबीआई करेगी मामले की जांच

सरकार ने इस पूरे मामले की गहन जांच के लिए इसे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया है। जांच एजेंसियां इस बात का पता लगाएंगी कि पेपर लीक के पीछे कौन सा संगठित गिरोह काम कर रहा था। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि वह जांच में पूरी तरह सहयोग कर रही है ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### छात्रों और अभिभावकों के लिए सलाह

इस अचानक आए फैसले से छात्रों के बीच चिंता का माहौल है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह निर्णय मेधावी छात्रों के हितों की रक्षा के लिए लिया गया है ताकि कोई भी अपात्र व्यक्ति गलत तरीके से मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश न पा सके। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी पर ही भरोसा करें। परीक्षा का नया शेड्यूल जारी होते ही छात्रों को ईमेल और एसएमएस के जरिए भी सूचित किया जाएगा। तब तक छात्र अपनी तैयारी जारी रखें और आधिकारिक अधिसूचना का इंतजार करें।

### दोबारा परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

**छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एनटीए ने कुछ अहम स्पष्टीकरण जारी किए हैं:**

- **नई तारीखें-** दोबारा परीक्षा की तारीखों की घोषणा एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर जल्द ही अलग से की जाएगी।
- **कोई नया रजिस्ट्रेशन नहीं-** छात्रों को फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। पुराने रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही नए एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे।
- **फीस रिफंड-** पिछली परीक्षा के लिए जमा की गई फीस के संबंध में विवरण जल्द साझा किए जाएंगे, लेकिन पुनः परीक्षा के लिए छात्रों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।
- **परीक्षा केंद्र-** केंद्रों के आवंटन की जानकारी नए एडमिट कार्ड में दी जाएगी।

## देश विदेश

### असम के हिमंता दूसरी बार मुख्यमंत्री बने

**गुवाहाटी।** हिमंता बिस्वा सरमा लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री बने हैं। असम के गवर्नर लक्ष्मण आचार्य ने गुवाहाटी के खानापारा वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। हिमंता के अलावा 4 विधायकों भाजपा के रामेश्वर तेली, अजंता नेओम, एजीपी के अतुल बोरा, बीपीएफ के चरण बोरो ने मंत्री पद की शपथ ली है। इनमें दो बीजेपी और 2 सहयोगी दलों से हैं। शपथ कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत बीजेपी-एनडीए शासित राज्यों के सीएम और कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। हिमंता का पूरा परिवार भी कार्यक्रम में मौजूद रहा।

### हंतावायरस के संपर्क में आए 17 यात्री अमेरिका लाए गए

**वॉशिंगटन।** हंता वायरस के संपर्क में आए 17 अमेरिकी यात्रियों को अमेरिका के नेब्रास्का मेडिकल सेंटर लाया गया है। यहां उन्हें 42 दिनों तक निगरानी और क्वारंटीन में रखा जाएगा। अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इन सभी यात्रियों को अमेरिकी सरकार के स्पेशल विमान से वापस लाया गया। ये सभी यात्री एमवी होंडियस नाम की उस क्रूज शिप से लौटे हैं, जहां वायरस के मामले सामने आए थे। यह जहाज स्पेन के कैनरी आइलैंड्स में रुका था। इसके बाद एक यात्री में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि दूसरे में हल्के लक्षण पाए गए हैं। एहतियात के तौर पर दोनों को स्पेशल सिक्योरिटी सिस्टम में लाया गया।

### तलाक की खबरों से सुर्खियों में मौनी रॉय



**पति को सोशल मीडिया से किया अनफॉलो, तस्वीरें भी हटाईं, 2022 में गोवा में की थी शादी**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय तलाक की अफवाहों से चर्चा में हैं। इसी बीच मौनी रॉय ने सोशल मीडिया से पति को अनफॉलो कर तलाक की खबरों को और तेज कर दिया है। मौनी रॉय के तलाक की खबरें सोशल मीडिया से शुरू हुईं। सामने आया कि कपल को लंबे समय से एक-दूसरे के साथ पब्लिकली स्पॉट नहीं किया गया है। इसी बीच मौनी रॉय की सोशल मीडिया फॉलोविंग और फॉलोवर्स लिस्ट देखने से सामने आया कि वो पति सूरज नांबियार को फॉलो ही नहीं कर रही हैं। ठीक इसी तरह उनके पति भी उन्हें फॉलो नहीं करते। हालांकि ये साफ नहीं है कि ये सिलसिला पहले से चला आ रहा है या कपल ने हाल ही में एक-दूसरे को अनफॉलो किया है। इसके अलावा मौनी का इंस्टाग्राम अकाउंट खंगालने से सामने आया है कि उन्होंने पति के साथ पोस्ट की हुईं सभी तस्वीरें हटा दी हैं। साल 2024 तक उनके अकाउंट में पति की कोई तस्वीर ही नहीं है। सूरज नांबियार का इंस्टाग्राम खंगालने पर सामने आया कि वो सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं हैं। उन्होंने मौनी के साथ आखिरी पोस्ट 2024 में की थी, जिसके बाद उनके अकाउंट की आखिरी पोस्ट अप्रैल 2025 की है। मौनी रॉय ने 22 जनवरी 2022 में बिजनेसमैन सूरज नांबियार से गोवा में शादी की थी। ये शादी मलयाली रीति-रिवाजों से हुई। इसके बाद मौनी ने सोशल मीडिया पर पति के साथ वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर की थीं। साल 2025 में मौनी रॉय फिल्म भूतनी में नजर आई थीं। जल्द ही वो तमिल फिल्म विश्वंभरा में कैमियो करती दिखेंगी। इसके अलावा वो है जवानी तो इश्क होना है और द वाइव्स जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ब्लास्ट से 2 पुलिसकर्मियों समेत सात की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में मंगलवार को ब्लास्ट हुआ। इस ब्लास्ट में 2 पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक घटना की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक ब्लास्ट सराय नौरंग तहसील के एक व्यस्त चौराहे पर हुआ। यहां ट्रैफिक पुलिस वार्डन बन्नू और डेरा इस्माइल खान के बीच ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे थे। लक्की मरवत पुलिस के प्रवक्ता कुदरतुल्लाह खान ने कहा कि अभी यह साफ नहीं है कि विस्फोटकों से भरा लोडर रिक्शा वहां खड़ा था या किसी आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। बम निरोधक दस्ता ब्लास्ट के नेचर का पता लगाने में जुटा है।

### रिपोर्ट- पाकिस्तान ने ईरान के एयरक्राफ्ट छिपाने में मदद की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दी। यह दावा सीबीएस न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि अप्रैल में सीजफायर के ऐलान के कुछ दिन बाद ईरान ने कई विमान पाकिस्तान एयरफोर्स के नूर खान एयरबेस भेजे। रिपोर्ट में कहा गया है कि भेजे गए विमानों में ईरानी एयरफोर्स का आरसी-130 विमान भी शामिल था। यह लॉकहीड सी-130 हरक्यूलिस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का खुफिया और निगरानी मिशन वाला वर्जन माना जाता है। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी माना है कि ये विमान उसके एयरबेस पर पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान युद्धविराम के दौरान आए थे और उनका किसी सैन्य अभियान से कोई संबंध नहीं है।

### बरगी जलाशय में हुए क्रूज हादसे की जांच में एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया

## गेहूं का सर्वे करने वाली कंपनी चला रही थी क्रूज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

बरगी जलाशय में हुए क्रूज हादसे की जांच में एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि मध्य प्रदेश पर्यटन निगम में क्रूज संचालन आउटसोर्स कर्मचारियों के माध्यम से किया जा रहा था। इसके लिए भोपाल से संचालित आरबी एसोसिएट ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को ठेका दिया गया था। इस कंपनी के द्वारा ठेके पर मानव संसाधन पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराए जाते हैं। महेश पटेल ने खुद अपने बयान में बताया कि उसके पास 12 साल से क्रूज संचालन का अनुभव था। राजेंद्र निगम ने कहा कि ठेका कंपनी कौन थी यह मायने नहीं रखता है। ठेके से संबंधित कार्य उनके विभाग का नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ यह कह सकते हैं कि महेश पटेल जो क्रूज चला रहे थे उनके पास पर्याप्त अनुभव था।



### बिना अनुभव मेहरबानी

कंपनी ने प्रोफाइल में यह जानकारी दी हुई है। कंपनी ने पर्यटन के क्षेत्र में कार्य करने का खास अनुभव नहीं दर्शाया गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि बिना अनुभव वाली नई-नवेली कंपनी को प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में मानव संसाधन का ठेका देना क्या वाजिब था? सिर्फ यहीं मप्र पर्यटन में जल क्रीड़ा के प्रभारी सीडीआर राजेंद्र निगम ने माना कि क्रूज संचालन करने वाले महेश पटेल आउटसोर्स कर्मचारी थे, लेकिन उन्होंने दावा किया कि महेश पर्याप्त अनुभवी थे।

### मुख्य कार्य कृषि क्षेत्र में

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मेकल रिसॉर्ट बरगी में कार्य करने वाले अधिकांश कर्मचारी आउटसोर्स में थे। जिस क्रूज हादसे में 13 लोगों की डूबने से मौत हुई थी, उस क्रूज में कार्य करने वाले कर्मचारी भी आउटसोर्स में कार्यरत थे। ये सभी आरबी एसोसिएट के लिए कार्य करते थे। कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार यह कंपनी मूल रूप से मानव संसाधन उपलब्ध करवाती है और इसका प्रमुख कार्य कृषि क्षेत्र में है। गेहूं के लिए सर्वेयर की नियुक्ति कंपनी की तरफ से होती है। आरबी एसोसिएट ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में स्थापित यह कंपनी मूल रूप से मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन और राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के लिए गेहूं गुणवत्ता परीक्षण और सर्वेयर कार्य हेतु आउटसोर्स कर्मचारियों की व्यवस्था करती रही है। अब यही कंपनी पर्यटन निगम के अंतर्गत क्रूज संचालन से जुड़े कर्मचारियों की नियुक्ति कर रही थी।

## मानसून 4-6 दिन पहले आने का अनुमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले दस्तक दे सकता है। आमतौर पर केरल में मानसून 1 जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है।

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक सिस्टम बन गया है, जो अगले 48 घंटे में और मजबूत हो सकता है। इससे दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश बढ़ेगी। यह सिस्टम मानसून को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार और उत्तराखंड के सभी जिलों में बारिश हो सकती है।

## तरबूज खाने से एक बच्चे की मौत, तीन की हालत गंभीर

एजेंसी ▸▸ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां कटा हुआ तरबूज खाने के बाद एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई और तीन अन्य बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। यह दुखद घटना जिले के घुरकोट गांव की है, जहां बच्चे अपने मामा के घर छुट्टियां मनाने आए थे। अधिकारियों के अनुसार, यह मामला फूड पॉइजनिंग या खाद्य संदूषण का प्रतीत हो रहा है, हालांकि जांच अभी जारी है।



मृतक की पहचान 15 वर्षीय अखिलेश धीवर के रूप में हुई है, जो पोड़ी दलहा गांव का रहने वाला था। बीमार बच्चों में श्री धीवर (4), पिंटू धीवर (12) और हितेश धीवर (13) शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चों ने रविवार सुबह का कटा हुआ तरबूज शाम को खाया था। इसे खाने के कुछ ही घंटों बाद अखिलेश को उल्टियां, दस्त और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। देखते ही देखते अन्य तीन बच्चों की भी हालत बिगड़ने लगी। सोमवार को सभी को एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां अखिलेश को ब्रॉट डेड (मृत अवस्था में लाया गया) घोषित कर दिया गया। अन्य तीन बच्चों का इलाज अभी इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है।

### सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के 4 सदस्य जिंदा जले

एजेंसी ▸▸ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खपरी में आज गैस सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक चार साल का मासूम बच्चा भी शामिल है, जिससे पूरे इलाके में मातम पसर गया है। मिली जानकारी के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब खपरी गांव के एक घर में अचानक गैस सिलेंडर जबरदस्त धमाके के साथ फट गया। विस्फोट इतना भीषण था कि आग ने पलक झपकते ही पूरे मकान को अपनी आगोश में ले लिया। घर के भीतर मौजूद सदस्यों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका।

## सनातन धर्म को खत्म किया जाना चाहिए : उदयनिधि स्टालिन

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु के पूर्व डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि सनातन धर्म को खत्म किया जाना चाहिए। यह लोगों को बांटता है।

उन्होंने पहले 2023 में भी सनातन को डेंगू, मलेरिया बताया था।



इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई थी। उदयनिधि ने विजय के शपथ ग्रहण समारोह का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि तमिलनाडु के पारंपरिक तमिल आह्वान गीत तमिल थाई वाझ्थु को कार्यक्रम में तीसरे स्थान पर रखा गया, जबकि परंपरा के मुताबिक इसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। उदयनिधि ने कहा- हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। तमिलनाडु में किसी भी सरकारी कार्यक्रम में तमिल थाई वाझ्थु को पहला स्थान मिलना चाहिए। दरअसल 10 मई को विजय के शपथ ग्रहण में सबसे पहले वंदे मातरम बजा। फिर जन गण मन बजा। इसके बाद तमिल राज्य गीत बजाया गया था।

### कालीसिंध नदी में प्यास बुझाने आ रहे प्रवासी पक्षी

## गर्मी का कहर लोगों सहित पशु-पक्षियों पर भी

### जीवनदायिनी कालीसिंध नदी का गिरने लगा जलस्तर, क्षेत्र के पेयजल स्त्रोत सूखने के कगार पर, जंगलों में पशु-पक्षियों को पेयजल के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

भीषण गर्मी का कहर लोगों पर ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों पर भी पड़ने लगा है। जलस्तर गिरने से नाले और पोखरे भी सूखने लगे हैं। इससे पशु पक्षियों के सामने जल संकट खड़ा हो गया है। शहरी क्षेत्र को छोड़ दें तो ग्रामीण क्षेत्र में पशु पक्षी भीषण गर्मी से बेहाल हैं। कालीसिंध नदी सहित अन्य नगर के बड़े कुओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नाले व पोखरे सूख गए हैं। बता दें कि मौसम का मिजाज इन दिनों तल्ख होता जा रहा है और यही कारण है कि दिन में जहां सूर्य की तपिश ने बेहाल कर रखा है वहीं गर्म हवाओं का जोर बढ़ने से रातें भी बेचैनी भरी साबित हो रही हैं। पेयजल स्त्रोत सूखने लगे हैं, जंगलों में पशु पक्षियों को पेयजल के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। नजदीकी प्रांत राजस्थान व आगर, शाजापुर जिले से कालीसिंध नदी तट पर प्रवासी पक्षी भी आ रहे हैं। सुबह-शाम इनकी मौजूदगी देखी जा रही है। पेयजल की तलाश में यह पक्षी काफी दूर-दूर तक पलायन करने लगे हैं। गर्मी के प्रचंड रूप से अंदाजा लगाया जा रहा है कि आगामी कुछ सप्ताह और भी बेहद गर्म होकर बेचैनी भरा साबित होने वाला है। सूरज के तीखे तेवर की वजह से इस सप्ताह अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया है।



### नपाध्यक्ष ने सरोकार का दिया बढ़ावा

गर्मी के विकराल रूप को देखते हुए साथ ही इसका असर पशु-पक्षी और राहगीरों पर पड़ता देख सारंगपुर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने सामाजिक सरोकार में पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सामाजिक संस्थाओं के साथ पेड़ों पर मिट्टी के सकोरे लगाए हैं। वहीं शहर के कई ग्रुप इसके लिए काम कर रहे हैं। इनमें से कुछ गर्मी का सीजन आते ही एक्टिव हो गए थे। कई लोगों द्वारा सालों से गर्मी में बेहाल पक्षियों को बचाने के लिए सुबह शाम चयनित स्थानों पर दाना-पानी रखते आ रहे हैं। कई दुकानदार, व्यापारियों व मोहल्लों में लोगों ने घर के बाहर पशुओं के पीने के लिए ड्रम भी रखना शुरू कर दिए हैं। नगर पालिका के साथ कुछ समाजसेवियों ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों में प्याऊ भी लगा दी है जिससे आने जाने वाले राहगीरों की प्यास बुझ सके।

### गर्म हवा ने किया बेचैन

बढ़ते धूप की वजह से अब सुबह का समय भी दोपहर जैसा लगने लगा है। सूर्य के तल्ख मिजाज का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सुबह 8 बजे की धूप भी झुलसा रही है, साथ ही तेज रफ्तार से चल रही गर्म हवा के थपेड़े लोगों को और अधिक बेचैन कर रहे है। यही कारण है कि मौसम में आई गर्माहट के कारण दिन-रात गुजारना बेहद परेशान कर रहा है। बताया जा रहा है कि अगर गर्मी इसी तरह से अपना रौद्र रुप दिखाती रही तो आगामी दिनों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ज्यादा पहुंचने की संभावना है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# महामृत्युंजय द्वार देखरेख के अभाव में खो रहा अपनी सुंदरता

## द्वार के ऊपरी हिस्से और स्तंभों में उग आए पेड़-पौधे, कई जगहों से नक्काशीदार पत्थर भी टूटने लगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंदौर रोड स्थित महामृत्युंजय द्वार उज्जैन शहर की प्रमुख पहचान और आकर्षण का केंद्र माना जाता है। शहर में प्रवेश करने वाले श्रद्धालु और पर्यटक यहां रुककर फोटो और रील बनाते हैं। लाल नक्काशीदार पत्थरों से निर्मित यह भव्य द्वार वर्षों से उज्जैन की सांस्कृतिक पहचान बना हुआ है, लेकिन वर्तमान में देखरेख के अभाव में इसकी सुंदरता लगातार उजड़ती जा रही है।

**ऊपरी हिस्से पर उगी घास और पौधे-** वर्तमान स्थिति में द्वार के ऊपरी हिस्से तथा इसके स्तंभों के भीतर पेड़-पौधे और घास उग आई हैं। समय पर साफ-सफाई और रखरखाव नहीं होने के कारण यह पेड़ पौधे अब द्वार की संरचना को भी नुकसान पहुंचाने लगे है। कई स्थानों पर नमी और जड़ों के कारण लाल पत्थरों की पकड़ कमजोर होती दिखाई दे रही है।

**कई जगहों से उखड़ने लगे लाल पत्थर-** महामृत्युंजय द्वार पर लगाए गए नक्काशीदार लाल पत्थर कई स्थानों से टूटने और उखड़ने लगे हैं। इससे द्वार की भव्यता प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं करवाई गई तो आने वाले समय में द्वार की सुंदरता को नुकसान हो सकता है।



**सिक्स लेन निर्माण से बढ़ी परेशानी**

वर्तमान में इंदौर रोड पर सिक्स लेन सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। सड़क खुदाई और निर्माण कार्य के कारण लगातार धूल उड़ रही है, जो द्वार के लाल पत्थरों पर जम गई है। इससे इसकी चमक फीकी पड़ने लगी है। निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा और संरक्षण के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से भी स्मारक प्रभावित हो रहा है।

### 2007 में हुआ था भूमिपूजन, 2008 में हुआ लोकार्पण

जानकारी के अनुसार, इस भव्य द्वार का भूमिपूजन 19 मई 2007 को किया गया था। इसके बाद निर्माण कार्य पूर्ण होने पर 17 सितंबर 2008, बुधवार को इसका लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह में कैलाश विजयवर्गीय, डॉ. सत्यनारायण जटिया, शिवनारायण जागीरदार, जगदीश अग्रवाल तथा मोहन यादव सहित कई अतिथि मौजूद रहे थे।

**करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं हो रही नियमित देखरेख**

करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित यह द्वार आज भी उज्जैन के सबसे आकर्षक स्थलों में शामिल है। इसके बावजूद नियमित देखरेख, सफाई और संरक्षण नहीं होने से इसकी स्थिति खराब होती जा रही है। एक ओर प्रशासन शहर को संवारने और विकास कार्यों में जुटा है, वहीं दूसरी ओर पूर्व में बनाए गए सुंदर स्मारक और द्वार उपेक्षा के कारण दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।

## ये अच्छी बात नहीं है

शहर में बराबर नौसिखियों के इलाज में मरीजों को अपनी जान गंवाने का क्रम कुछ कुछ दिनों में बरकरार है। तीन दिन पूर्व जो कुछ हुआ और जिन परिस्थितियों में हुआ है उसकी जितनी जानकारी सामने आ रही है उससे तो यही लगता है कि जंगल राज की तरह से काम चलने लगा है। नियमों के विपरीत जो कुछ इस क्षेत्र में हो रहा है वो आमजन के स्वास्थ्य के लिए हितकर तो नहीं कहा जा सकता है। पंजीयन के नियमों का पालन नहीं हो रहा है। अपंजीकृत में उपचार कर रहे हैं तो आमजन की जान लेने से बाज नहीं आ रहे हैं। डिग्री किसी और पद्धति की है और उपचार में दूसरी का इस्तेमाल कर रहे हैं। अस्पताल मेटरनिटी एवं नर्सिंग होम है और गंभीर बिमारी का ऑपेरशन किया जा रहा है। इनके ऑपरेशन थियेटरों को रूग्णामुक्त कब किया गया था उसकी कोई जानकारी नहीं है। उसी ऑपरेशन थियेटर में सालों से ऑपरेशन जारी हैं। एलोपैथी उपचारक सामान्य बिमारी में जमकर गोली दवा लिख रहे हैं। एक ही ड्रग सभी में उपलब्ध है उसके बावजूद ऐसा किया जा रहा है। आम आदमी के चिकित्सा अज्ञानता को लेकर मानों लूट मची हो और वो भी उसकी जान की शर्तों पर। मानों धांधली का एक पिटारा ही शुरू हो चुका है। ऐसे हाल में कोई विश्वास भी इन पर करे तो क्यों और कैसे और किसलिए। खुसूर-फुसूर है कि उपचार और जांच के नाम पर महंगाई को लेकर ही आम गरीब आदमी अन्य चिकित्सकों तक पहुंच रहा है जो उन्हें 200-400 रूपए में उपचार दे रहे हैं। आम आदमी का भरोसा जीत कर वह उपचार कर रहा है। सामान्य उपचार में भी वैधानिकता का उपचार हजारों में पड रहा है। अस्पताल एक बार जाना और तारीख पर तारीख के आलम दर्ज करवाना जैसे होते जा रहे हैं। सामान्य उपचार में ही एक बार की फीस में मरीज ठीक नहीं हो रहा है कम से कम दो बार दिखाना मजबूरी की जा रही है। बेवजह ही एंटीबायोटिक दिए जा रहे हैं। एक समय बाद मरीज पर वो काम करना ही बंद कर देंगे। सरकारी सेवा लेनदी होती जा रही है। लंबी लाईनों के हाल कायम रहते हैं। ऐसे में वहां जाने से आम आदमी बचता है। आम आदमी की मजबूरी का पूरा फायदा उसकी जेब से फटका लगा कर लिया जा रहा है और कुछ मामलों में माल के साथ जान भी ली जा रही है।

खुसूर फुसूर

सरकारी अस्पताल में डाक्टरों ने अंधेरे में जाने मरीजों के हाल

# गुस्साया स्वास्थ्य विभाग 30 अवैध चिकित्सा केंद्र पकड़े

## 5 दलों ने दो दिन में ही खंगाल डाले तीन दर्जन से अधिक केंद्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग के ग्रह नक्षत्र इन दिनों साथ नहीं दे रहे हैं। एक के बाद एक मामला होता जा रहा है। 12 वर्षीय बच्ची की मौत के बाद अवैध चिकित्सा केंद्र ढूंढ रहे स्वास्थ्य विभाग के जिला अस्पताल में सोमवार रात अंधेरा छा गया। विभाग की 5 अलग-अलग टीमों ने शहर में रविवार एवं सोमवार को दो दिन में उज्जैन शहर में 30 अवैध चिकित्सा केंद्र उजागर कर दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग प्रशासन एक मामले की तरफ ध्यान देने जा रहा है तो दूसरा मामला उसके उपर आ रहा है। 12 वर्षीय बच्ची की मौत के मामले में गुस्साए विभाग ने अवैध चिकित्सा केंद्रों को पकड़ने के लिए सोमवार से अभियान चलाया। इसमें विभाग को अच्छी सफलता मिली लेकिन रात में ही खुद के सरकारी जिला अस्पताल में बिजली गुल होने से डॉक्टरों को अंधेरे में मरीजों का हाल जानना पड़ा है। कुछ दिनों पूर्व भी ऐसे ही हाल बने थे तब अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था तैयार करने का कहा था।

### कार्रवाई के दौर में अभी देर



निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य संस्थान बिना वैध पंजीयन, आवश्यक अनुमति एवं निर्धारित मापदंडों के विरुद्ध संचालित पाए गए। इन संस्थानों द्वारा मध्यप्रदेश उपचार्य गृह तथा रजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम 1973 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया, जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अवैध अस्पतालों एवं क्लिनिक संचालकों को नोटिस जारी किए गए। कई संस्थानों को सील भी किया गया। आवश्यकता अनुसार दस्तावेज जाँच, पंजीयन सत्यापन एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है। इसके तहत पुलिस प्रकरण दर्ज करवाए जा सकते हैं।

### बड़े अस्पतालों पर हाथ नहीं डाला

इधर चिकित्सा विभाग के सूत्रों का कहना है कि पंजीयन के साथ अस्पतालों की जिम्मेदारियों एवं वहां की व्यवस्थाओं, सुविधाओं का भौतिक सत्यापन करने पर भी बहुत कुछ सामने आ सकता है। पंजीयन के नियमों के तहत बेड की संख्या के अनुसार मरीजों को उपचार की सुविधा मिल रही है या नहीं ये भी देखा जाना चाहिए। यही नहीं पंजीयन के दस्तावेजों का भौतिक स्थिति में सत्यापन किया जाना चाहिए। इसे लेकर विभाग के पास पूरे अधिकार सुरक्षित हैं लेकिन विभाग मात्र पंजीयन तक ही सिमित होकर अपनी जिम्मेदारियों को समेट रहा है। अगर ऐसे मामलों की जांच की जाती है तो कई बड़े अस्पताल भी इस दायरे में आएंगे।

### 7 दिनों में दूसरी बार अस्पताल की बिजली गुल

सोमवार रात को जिला अस्पताल के हाल बेहाल हो गए। बिजली गुल होने से ऐसा हुआ सामने आया। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ है। पिछले 7 दिनों में ही यह दुसरा मामला है जब शासकीय जिला अस्पताल में केबल फाल्ट होने पर पूरे अस्पताल में घंटों अंधेरा रहा था। तत्कालीन स्थितियों में केबल परिवर्तित करवाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जनरेटर की तत्काल ही व्यवस्था का दावा किया था लेकिन सोमवार रात को इसकी पोल एक बार फिर से खुल गई। अंधेरे के दौरान ही चिकित्सकों ने मोबाइल टार्च में मरीजों का परीक्षण किया और चिकित्सा व्यवस्था को संचालित किया है। हाल यह हैं कि जिला अस्पताल चरक भवन की लिफ्ट भी बंद पड़ी हैं। इस कारण से मरीजों एवं उनके परिजनों को मंजिला अस्पताल में इस गर्मी के दौर में परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है।

**38 जांचे 30 अवैध**

जिला उज्जैन में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक, अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध लगातार सघन जाँच एवं कार्यवाही की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के निर्देशन में गठित विशेष जाँच दल द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सकें। 10 एवं 11 मई 2026 को विभाग द्वारा गठित जाँच दल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया। कुल 38 स्थानों पर जाँच की गई, जिनमें केवल 8 पंजीकृत पाए गए, जबकि 30 अपंजीकृत (अवैध) संस्थान पाए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी, ताकि मरीजों के स्वास्थ्य एवं जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# 26 साल बाद आचरण नियम नए सिरे से निर्धारित

## अब कोई भी अफसर मूल वेतन से अधिक राशि का उपहार एक बार में नहीं ले सकेगा



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिला हो या फिर प्रदेश के किसी भी स्थान पर सिविल सेवा के अफसर तैनात हो लेकिन वे अपने मूल वेतन से अधिक राशि का उपहार एक बार में नहीं ले सकेंगे। दरअसल प्रदेश सरकार करीब 26 साल बाद सिविल सेवा के अधिकारियों- कर्मचारियों के आचरण नियम नए सिरे से निर्धारित कर रही है। इसमें यह प्रावधान किया जा रहा है कि कोई भी अधिकारी अपने मूल वेतन से अधिक राशि का उपहार एक बार में नहीं ले सकेगा। इसका मतलब यह भी नहीं है कि वह बार-बार कार्यक्रम आयोजित कर उपहार ले सकेगा।

इसके लिए अधिकतम सीमा भी निर्धारित होगी। वहीं, छह माह के मूल वेतन से अधिक राशि का निवेश करने पर अपने प्रशासकीय विभाग को सूचना देनी होगी। इस तरह के अन्य प्रावधान भी प्रस्तावित किए गए हैं। मुख्य सचिव मप्र की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में प्रस्ताव को अंतिम निर्णय के लिए कैबिनेट के समक्ष रखने के निर्देश दिए गए। मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम वर्ष 1965 में बने थे और इनमें आखिरी बार वर्ष 2000 में संशोधन किया गया था। वर्तमान नियम में कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी विवाह, वर्षगांठ, अंत्येष्टि या धार्मिक समारोह जैसे अवसरों पर 1,500 रुपये से अधिक का नकद उपहार स्वीकार नहीं कर सकता, लेकिन वर्तमान दौर में इसे अव्यावहारिक माना गया। वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों की समिति ने केंद्र सरकार के प्रविधान का अध्ययन किया और यह प्रस्ताव दिया गया कि कर्मचारियों को एक बार में अपने एक माह के मूल वेतन के बराबर नकद उपहार लेने की अनुमति दी जा सकती है। हालांकि, इसे भी दो माह के मूल वेतन के बराबर करने का सुझाव दिया गया है। सीमा से अधिक राशि के उपहार, भूमि, वाहन या अन्य मूल्यवान उपहारों की जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को देना अनिवार्य रहेगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बैठक में संशोधित नियम के सभी पहलुओं पर विचार हो चुका है। अंतिम निर्णय के लिए इसे कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## न्यूज कॉलम

### गर्मी से मिनेगी राहत.. नगर निगम मुख्यालय में लगाए गए दो मिस्ट फैन



**उज्जैन।** शहर में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और गर्म हवाओं को देखते हुए शासन की गाइडलाइन अनुसार राहत व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में उज्जैन नगर निगम द्वारा निगम मुख्यालय में आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए दो मिस्ट फैन (बड़े पंखे) लगाए गए हैं। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है, ताकि निगम कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। नगर निगम प्रशासन द्वारा एक मिस्ट फैन जन्म-मृत्यु विवाह शाखा के बाहर लगाया गया है। इस शाखा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं, जिससे यहां काफी भीड़ रहती है। मिस्ट फैन लगने से लोगों को ठंडी हवा मिल रही है और उन्हें गर्मी से राहत महसूस हो रही है। इसके अलावा निगम मुख्यालय के प्रवेश द्वार के पास, जहां नागरिकों के बैठने की व्यवस्था है, वहां भी एक मिस्ट फैन लगाया गया है। इससे प्रतीक्षा कर रहे लोगों को ठंडी हवा मिल रही है।

### बलाई महासभा के 15वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 121 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**उज्जैन।** अखिल भारतीय बलाई महासभा सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति, कानड़ के तत्वावधान में 10 मई को दरबार कृषि फार्म में 15वां सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। समारोह में 121 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। प्रातः 6 बजे से शुरू हुए इस वृहद आयोजन में मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, देवास, राजगढ़, शाजापुर, आगर, नीमच, मंदसौर और भोपाल सहित राजस्थान (झालावाड़) व दिल्ली से करीब 25 हजार समाजजन शामिल हुए। समिति द्वारा नवदंपतियों को उपहार स्वरूप गृहस्थी की सामग्री भेंट की गई। सम्मेलन में विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची और दहेज जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगाने के साथ सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। आयोजन के दौरान समाज की उन 27 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही शिक्षा, खेल, प्रशासनिक सेवाओं एवं समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया।

# मप्र राज्य अधिवक्ता चुनाव 2367 वकीलों ने किया मतदान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन कोर्ट में मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव के लिए मतदान हुआ। इस दौरान करीब 2367 अधिवक्ता अपने मताधिकार का उपयोग किया। प्रदेशभर में अधिवक्ता परिषद के सदस्यों के चयन के लिए चुनाव कराए जा रहे हैं। उज्जैन में भी सुबह से अधिवक्ताओं की भीड़ मतदान केंद्र पर पहुंचने लगी थी। कोर्ट परिसर के बाहर प्रत्याशियों द्वारा मतदान को लेकर अधिवक्ताओं को प्रेरित करने की भी व्यवस्था की गई थी। महिला अधिवक्ता भी बड़ी संख्या में मतदान के लिए पहुंचीं। कोर्ट परिसर में मतदान के लिए तीन हॉल बनाए गए हैं। गर्मी को देखते हुए सुबह के समय मतदान केंद्र पर अधिक भीड़ देखी गई। उज्जैन में इस चुनाव में चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें संदीप मेहता, आशीष उपाध्याय, अतुल रैना और सुरेंद्र चतुर्वेदी शामिल रहे।

# होटल केजीसी सेलिब्रेशन पर निगम की कार्रवाई

## गीले कचरे का प्रसंस्करण नहीं करने और गंदगी पाए जाने पर लगाया 10 हजार रुपये का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत उज्जैन नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। इसी क्रम में होटल केजीसी सेलिब्रेशन द्वारा गीले कचरे का उचित प्रसंस्करण नहीं करने एवं परिसर में गंदगी पाए जाने पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग ने 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। नगर निगम के अनुसार शहर के बड़े होटल, जो प्रतिदिन 50 किलो से अधिक गीला कचरा उत्पन्न करते हैं, उन्हें स्वयं कंपोस्ट पिट बनाकर गीले कचरे का निष्पादन करना अनिवार्य है। इससे तैयार खाद का उपयोग होटल परिसर एवं गार्डन में किया जा सकता है। लेकिन होटल केजीसी सेलिब्रेशन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मापदंडों का पालन नहीं किया गया, जिसके चलते निगम द्वारा चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया।

**अन्य स्थानों पर भी हुई चालानी कार्रवाई-** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जोनों में भी स्वच्छता अभियान के तहत कार्रवाई जारी रही। गंदगी फैलाने, मिक्स कचरा देने, डस्टबिन नहीं रखने तथा खुले में कचरा डालने वालों पर भी कार्रवाई करते हुए कुल 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौड़, स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश बंटी लोट एवं निगम दरोगा की उपस्थिति में की गई।

# पिछले वर्ष से 1014 अधिक विद्यार्थियों को मिलेगा इस बार लैपटाप

## कक्षा 12वीं के 75 प्रतिशत से अधिक अंक वाले जिले के 3,117 विद्यार्थियों को मिलेंगे इस बार लैपटाप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पिछले वर्ष से 1014 अधिक विद्यार्थियों को लैपटाप की राशि उनके खातों में भेजने की तैयारी हो गई है। पिछले वर्ष इस योजना में जिले के 2,103 विद्यार्थी पात्र बने थे और उन्हें लैपटाप की राशि दी गई थी। जिले में इस वर्ष 3117 विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं में 75% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।



उज्जैन जिले में वर्ष 2025-26 की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम बेहतर रहे हैं। जिले ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नई उपलब्धि हासिल की है। जिले के कक्षा 12वीं के 6 छात्र-छात्राओं और कक्षा 10वीं के 8 छात्र-छात्राओं ने राज्य मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है, जो शिक्षा के क्षेत्र में जिले के लिए गौरव की बात है। इसके साथ ही राज्य स्तर से जारी सूची में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।

जिले के कक्षा 12वीं के कुल 3,117 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। पिछले वर्ष जिले में 2,103 विद्यार्थी इस योजना के पात्र बने थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 3,117 हो गई है। जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की उपलब्धियों में लगातार वृद्धि हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री के अनुसार विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

## न्यूज ब्रीफ

### लाखों लोगों को होगा लाभ, दोनों दिशाओं में चलेंगे सैकडों वाहन

इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और सांसद शंकर लालवानी ने आज इंदौर-देवास बायपास पर निर्मित अर्जुन बरोदा फ्लायओवर ब्रिज के ट्रायल रन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर फ्लायओवर को आम जनता के लिए खोल दिया गया। सोमवार से दोनों दिशाओं की ओर से नियमित रूप से वाहन संचालन प्रारंभ हो गया है, जिससे सैकड़ों वाहन चालकों और आम जनों को राहत मिलेगी। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से 800 मीटर लंबे फ्लायओवर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मार्च-अप्रैल में डामरीकरण का कार्य किया गया था,

# विक्रांत भैरव से उन्हेल रोड तक 5 किमी तक नापी शिप्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर प्रशासन लगातार जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। सोमवार को लगातार तीसरे दिन सुबह 6 बजे संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिप्रा नदी के घाटों का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान विक्रांत भैरव मंदिर से उन्हेल रोड क्षेत्र तक करीब पांच किलोमीटर लंबे हिस्से का भ्रमण कर नए एप्रोच रोड और घाट पहुंच मार्गों के लिए 18 स्थान चिन्हित किए गए।



तीन दिनों में प्रशासनिक टीम अब तक करीब 18 किलोमीटर लंबे शिप्रा तट क्षेत्र का पैदल निरीक्षण कर चुकी है। इस दौरान 60 से अधिक संभावित एंट्री पाइंट तय किए गए हैं, जहां से श्रद्धालुओं को सीधे घाट तक पहुंचाने के लिए एप्रोच रोड विकसित किए जाएंगे। प्रशासन का फोकस इस बार श्रद्धालुओं को कम दूरी में सुरक्षित और आसान पहुंच उपलब्ध कराने पर है। इसी के तहत हर 200 मीटर पर घाट तक पहुंचने का मार्ग विकसित करने की योजना पर काम किया जा रहा है।

### निर्देश- एप्रोच रोड का निर्माण तय स्थानों पर ही किया जाए

संभागायुक्त आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एप्रोच रोड का निर्माण तय स्थानों पर ही किया जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने भैरवगढ़ क्षेत्र में पुरानी गिट्टी खदान के पास प्रस्तावित पार्किंग क्षेत्र को नए घाटों से जोड़ने के लिए रैंप आधारित मार्ग विकसित करने के निर्देश भी दिए। कहा कि सिंहस्थ महापर्व के दौरान अलग-अलग मार्गों से आने वाले श्रद्धालुओं को प्रस्तावित पार्किंग एरिया से नजदीक घाट तक पहुंचाने के लिए सुविधाजनक एप्रोच रोड़ का निर्माण किया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को अधिक दूरी तक पैदल नही चलना पड़े और स्नान के लिए पहुंच मार्ग भी सरल हो। सोमवार के निरीक्षण में अधिकारियों ने विक्रांत भैरव मंदिर, कालभैरव मंदिर के पीछे, मौनी बाबा आश्रम, मंगलनाथ मंदिर, अंगारेश्वर मंदिर, सिद्धवट, पारस तालाब और पुरानी गिट्टी खदान क्षेत्र सहित कई स्थानों का निरीक्षण किया। इन क्षेत्रों में निमार्णाधीन और प्रस्तावित घाटों को मुख्य मार्गों तथा पार्किंग क्षेत्रों से जोड़ने के लिए नए रास्तों का चयन किया गया।

## 5 .72 लाख की शराब जब्त

**इंदौर।** आबकारी विभाग इंदौर के देपालपुर वृत्त द्वारा अवैध मदिरा के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक चार पहिया वाहन से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की गई। कार्रवाई उप निरीक्षक भगवानदास अहरवार एवं उनकी टीम द्वारा शहरी क्षेत्र में गश्त के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार टीम ने संदेह के आधार पर वाहन क्रमांक MP09ZF7973 मारुति ईको वैन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में 15 बीयर पेटियों में रखी 360 केन बडवार्डजर मेग्नम इंटरनेशनल किंग ऑफ बीयर बरामद हुई। उक्त शराब पर फॉर सेल इन हरियाणा अंकित था, जिससे स्पष्ट हुआ कि इसे अवैध रूप से परिवहन कर इंदौर लाया जा रहा था।

## गंदगी-कचरा किया तो लगेगी पेनल्टी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में नगर निगम कमिश्नर मंगलवार को एक बार फिर मैदान में उतरे। उन्होंने शहर के विभिन्न गार्डन, सीटीपीटी और घाट क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने बांगड़दा इलाके में बने सीटीपीटी और कुएं के हालात देखे। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। यहां से वे रामकृष्ण आश्रम के पास बने गार्डन पहुंचे। गार्डन में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर संबंधित उद्यान दरोगा को फटकार लगाई और सुधार करने के निर्देश दिए। कचरा और गंदगी फैलाने वालों को पहले समझाइश देने, नहीं मानने पर कार्रवाई करते हुए पेनल्टी लगाने को कहा।

## सुस्त निगम के सिस्टम से परेशान हुई महिला

### तत्कालीन निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने दी थी बड़ी राहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा की जनसुनवाई के तत्काल निराकरण और 100 प्रतिशत संतुष्टिवान जनसुनवाई के चलते सैकड़ों की संख्या में आवेदन हर जनसुनवाई में आ रहे है। इसी क्रम में सुधा शिंदे आज कलेक्टर शिवम वर्मा के पास पहुंची और कहने लगी कि आप जब निगम आयुक्त थे, तब आपने मेरी बड़ी मदद की थी। आपने ही मेरी मम्मी की कल्याण निधि और समस्त भुगतान करवाया था। में सालों से परेशान थी। सुधा शिंदे ने बताया कि छोटीबाई मेरी मां वार्ड 14 जोन 3 में सफाई कर्मी थी। उनकी मृत्यु 20 फरवरी को हो गई थी। सफाई कर्मी के पद पर वे 2010 में रिटायर हुई थी। इसके बाद से ही पेशन चालू करने के लिए निगम के दरवाजे पर दर दर भटक रही हूं । आज कलेक्टर शिवम वर्मा ने मुझे बेटी बोलते हुए उनकी सभी समस्या का निराकरण करने की बात भी कही है।

## भरी दोपहर में निकली कूलर वाली बारात...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भीषण गर्मी के बीच इंदौर में एक अनोखी बारात लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई। सयाजी होटल पहुंची इस बारात में लंबा शामियाना लगाया गया था, जिसके दोनों ओर 20 से ज्यादा जंबो कूलर लगाए गए थे।

कूलरों की ठंडी हवा के बीच बाराती जमकर नाचते नजर आए। खास बात यह रही कि दूल्हा भी पूरे समय घोड़ी पर डांस करता दिखाई दिया। गर्मी के बीच इस तरह की ह्यशामियाना वाली बारातह्न लोगों में चर्चा का विषय बनी रही। राह चलते लोग भी इस अनोखे इंतजाम को देखने के लिए रुकते नजर आए। भीषण गर्मी के बीच इंदौर में एक अनोखी बारात लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई। सयाजी होटल पहुंची इस बारात में लंबा शामियाना लगाया गया था, जिसके दोनों ओर 20 से ज्यादा जंबो कूलर लगाए गए थे। कूलरों की ठंडी हवा के बीच बाराती जमकर नाचते नजर आए। खास बात यह रही कि दूल्हा भी पूरे समय घोड़ी पर डांस करता दिखाई दिया। गर्मी के बीच इस तरह की शामियाना वाली बारात लोगों में चर्चा का विषय बनी रही। राह चलते लोग भी इस अनोखे इंतजाम को देखने के लिए रुकते नजर आए।

## अगले दो दिन और बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिनों में तापमान और बढ़ सकता है। रात का तापमान भी 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आसमान साफ रहने से धूप का असर ज्यादा रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक गर्मी नियंत्रित करने वाला वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कमजोर पड़ गया है। इसी वजह से तापमान तेजी से बढ़ रहा है। अप्रैल में भी 26 तारीख को तापमान 43.2 डिग्री तक पहुंचा था।

### पारा 43.2 डिग्री पहुंचा अब दो दिन लू का अलर्ट

इंदौर में फिर भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिम दिशा से 11 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसा दिया। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए हीट वेव यानी लू चलने की चेतावनी जारी की है। मंगलवार सुबह से ही तेज गर्मी महसूस की जा रही है। उधर, सोमवार सुबह 10 बजे के बाद धूप तेज हो गई। दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम रही। शाम को सूर्यास्त के बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिली और उमस बनी रही। रात का तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## इंदौर कलेक्टर द्वारा यातायात सेल का गठन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में सुव्यवस्थित यातायात के सुचारू रूप से संचालन की दृष्टि से यातायात सेल का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री शिवम वर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। गठित यातायात सेल में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रोशन राय, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात संतोष कोल, नगर निगम के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, संयुक्त कलेक्टर ओम नारायण सिंह बड़कुल तथा नायब तहसीलदार महू श्री देवेन्द्र कछायाा को शामिल किया गया है। यह यातायात सेल समय-समय पर सुचारू यातायात संचालन हेतु मौके पर कार्रवाई सुनिश्चित करेगा तथा की गई कार्रवाई का पालन प्रतिवेदन आगामी होने वाली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रस्तुत करेगा।




## न्यूज कालम



## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

**आलीराजपुर।** भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि करना तथा फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं में लक्ष्य बढ़ाकर कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं में किसानो को चिन्हित कर लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एफपीओ, कृषि विकास योजना,हेल्थ कार्ड सहित अन्य योजनाओं को शामिल किया गया है।

## डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण, रैली निकाली

**उज्जैन।** बलाई समाज की संस्था प्रयास ने रविवार को शंकरपुर स्थित आदर्श बलाई समाज की धर्मशाला में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें आंबेडकर अनुयायियों और समाजसेवियों की मौजूदगी में सुबह 9 बजे माधोपुरा चौराहा से ढोल-बाजों के साथ रैली निकाली गई जो प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुई। इसमें बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। संस्था के डायरेक्टर डॉ. तेजकुमार मालवीय के अनुसार डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का सामूहिक निर्णय पूर्व में समाजजन ने लिया था जो मई-2026 में जाकर पूरा हुआ। अतिथि डॉ. यूपी सिंह मालवीय, आरसी सिसौदिया, सजनलाल मालवीय, अनोखीलाल भारती, एमएस परमार, हजारीलाल मालवीय आदि थे।

## ऑल इंडिया मुशायरे में ख्यातनाम शायरों ने पेश किए अपने कलाम

**उज्जैन।** मुशायरा कमेटी ने मदारगेट स्थित रफीक शादमानी हॉल में ऑल इंडिया मुशायरा नशिस्त आयोजित की। कार्यक्रम मरहूम शायर हुसैन अहमद शान की स्मृति को समर्पित रहा। मुशायरा देर रात शुरू हुआ और सुबह तक चला। कमेटी के कन्वीनर शकील पटवारी ने बताया कि संस्था 1991 से एटलस चौराहे पर लगातार आल इंडिया मुशायरा कराती रही है। इस बार देश के कई शहरों से शायरों ने शिरकत की। मंच संचालन नईम आफताब ने किया। सदारत वहीद भाई कोटा वालों ने की। मुख्य अतिथि शहर काजी खलिकुर्रहमान रहे। कार्यक्रम के पहले सत्र में हुसैन अहमद शान के पुत्र जमीर अहमद को सम्मानित किया गया। दूसरे सत्र की शुरूआत परवेज इकबाल ने नात-ए-पाक से की। श्रोता सुबह 5.45 बजे तक मौजूद रहे। समापन पर श्रोताओं ने शकील पटवारी का नागरिक अभिनंदन किया।

## सिविल कोर्ट डिपॉजिट खातों की प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**उज्जैन।** जिला कोषालय उज्जैन के वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री कुणाल खेरड़िया के दिशा-निर्देशन में श्री कौशिक मुंचाटे (प्रशिक्षक) द्वारा ष्टष्टष्ठ (सिविल कोर्ट डिपॉजिट) से संबंधित महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं पर एक लाभदायक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण में सायबर ट्रेजरी के माध्यम से जमा चालानों का सत्यापन, एक ष्टष्टष्ठ खाते से दूसरे ष्टष्टष्ठ खाते में राशि का हस्तांतरण, तीन वर्षों से अधिक समय से पड़ी अदावाकृत राशियों को राजस्व मद में अंतरण तथा उनके पुनर्भुगतान की प्रक्रिया विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला न्यायालय उज्जैन, कुटुम्ब न्यायालय उज्जैन तथा तहसील न्यायालय बड़नगर, खाचरौद, महिदपुर, नागदा एवं तराना के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रशिक्षण ष्टष्टष्ठ खातों के संधारण, संचालन एवं प्रबंधन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है। इससे न्यायालयीन प्रक्रियाओं को और अधिक पारदर्शी, सुगम तथा कुशल बनाने में सहायता मिलेगी।।

## गंदगी फैलाने पर नपा अमले ने 10 व्यवसासियों के चालान बनाये

**नीमच।** स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर पालिका परिषद नीमच ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति स्वाति-गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया नेतृत्व में अपनी तैयारियां तेज कर रखी है। एक तरफ जहां शहर में सफाई कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, वही दूसरी तरफ सड़क पर गंदगी फैलाने वालो के खिलाफ चालानी कार्यवाही भी निरंतर जारी है। सोमवार 11 मई को स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित के निर्देश पर नपा अमले ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक की उपस्थिति में फ्रूट मार्केट से जिला चिकित्सालय व एसपी कार्यालय के सामने तक भ्रमण कर सड़क पर गंदगी फैलाने वाले 10 व्यवसायों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 3100 रुपए जुमार्ना वसूला। उपरोक्त कार्यवाही स्वच्छता निरीक्षक श्री भारत सिंह भारद्वाज,श्री गोपाल नरवाले, श्री अविनाश घेघट, श्री ऋषि कलोसिया, श्री दीपक गौहर आदि के द्वारा की गई। स्वास्थ्य अधिकारी श्री टांक ने बताया कि सड़क पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। सभी शहरवासी एवं व्यवसायीगण अपने घर एवं संस्थान का कचरा सड़क पर अथवा नाली में ना फेकते हुए कचरा गाड़ी में ही डाले ओर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता का स्वागत

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, उज्जैन रीजन में नव नियुक्त मुख्य अभियंता इंजीनियर सुरेश चंद्र वर्मा ने पदभार ग्रहण किया। इसके बाद मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन, उज्जैन की ओर से ज्योति नगर स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय में उनका स्वागत किया गया। एसे. अध्यक्ष दिनेश सोलंकी, अभय कुमार जैन, ओमप्रकाश राठैर सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे।

# कलेक्टर ने जन सुनवाई में आवेदकों की समस्याएं सुन निराकरण के निर्देश दिये

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने एक-एक कर नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में कुल ३५ आवेदन प्राप्त हुए।

आज की जनसुनवाई के दौरान आवेदक श्रीमती दिनाबाई पति सुरला चौहान निवासी ग्राम गिराला तहसील आलीराजपुर ने आवेदन दिया कि मैं पिछले एक वर्ष से कैंसर से पीड़ित हूं। मैं एक गरीब परिवार से हूं और मेरी आर्थिक स्थिती भी ठीक नही हैं जिसके कारण मैं मेरा उपचार करवाने में असमर्थ हूं। मुझे बीमारी के उपचार हेतु आर्थिक सहायता दिलवायी जाए। उक्त आवेदन के निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित अधिकारी को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एक अन्य आवेदन लक्ष्मण फलिया ग्राम पंचायत बडी उत्ती तहसील उदयगढ़ के निवासियों ने आवेदन दिया कि हमारे फलिया में एक भी हैंडपंप उपलब्ध नहीं है, जिससे पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गांव में स्थित कुआं फलिया से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूरी पर है तथा गर्मी के मौसम में वह भी सूख जाता है। साथ ही पानी लाने के लिए महिलाओं को तेज धूप में लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है। उन्होंने आवेदन दिया कि शासकीय योजना अंतर्गत लक्ष्मण फलिया में नवीन हैंडपंप खनन करवाया जाएं। इसके अतिरिक्त पिपरानी फलिया ग्राम भानारावत, आम वाला फलिया, फलिया ग्राम खण्डला, भयड़िया फलिया ग्राम कोदला एवं ग्राम लक्ष्मणी आदि ग्रामवासीयो ने हेण्डपम्प खनन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने उक्त आवेदनो को पीएचई विभाग को जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में भूमि पर कब्जा, वेतन भुगतान, नामांतरण एवं बटवारा, जमीनी विवाद,अतिक्रमण जैसे विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने जनसुनवाई में उपस्थित सभी अधिकारियों को जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण होने पश्चात संबंधित आवेदक को अवगत करा कर जिला मुख्यालय भी अवगत कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम ,संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमें सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देशहित में स्वदेशी अपनाने एवं संसाधनों के संरक्षण हेतु जनजागरण की अपील

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

वर्तमान मे युद्ध जारी रहने के करण वैश्विक आव्यवस्था उत्पन्न होने से सम्पूर्ण विश्व का जन जीवन प्रभावित हो रहा है, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला बड़वानी एवं सहकार भारती जिला बड़वानी के पदाधिकारियों राजेश राठौड़, बालकृष्ण सोनगरा, यशवंत सुल्ताने, आशा कुमरावत, दीपक जेमन एवं कमल यादव ने संयुक्त रूप से देशहित में स्वदेशी भावना को प्रोत्साहित करने, विदेशी मुद्रा संरक्षण तथा पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के नेताओं से अपील की है

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी केद्व द्वारा समय-समय पर नागरिकों से गैर-जरूरी विदेश यात्राओं, विदेशी पर्यटन एवं विदेशों में आयोजित शादियों से बचने का आग्रह किया गया है। प्रधानमंत्री ने देश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने एवं घरेलू स्तर पर विवाह समारोह आयोजित करने की अपील करते हुए कहा है कि इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा विदेशी मुद्रा भंडार के संरक्षण में सहायता मिलेगी।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी सोच को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। यदि देश का धन देश के भीतर ही व्यय होगा तो स्थानीय व्यापार, पर्यटन, परिवहन एवं रोजगार के अवसरों को मजबूती मिलेगी। इससे छोटे व्यापारियों, होटल व्यवसाय, हस्तशिल्प, परिवहन एवं सेवा क्षेत्र को भी लाभ प्राप्त होगा।

प्रधानमंत्री के द्वारा सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने, मेट्रो, बस, कार/वाहन पूल, साझा परिवहन व्यवस्था एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग की अपील का आमजन सहित अधिकारी, नेता भी अनुशरण कर समर्थन करे, कार्यालय, विद्यालय, महाविद्यालय एवं सामाजिक आयोजनों में कार/वाहन पूल व्यवस्था अपनाने से ईंधन की बचत होगी, यातायात का दबाव कम होगा तथा प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी। साथ ही आयातित ईंधन पर निर्भरता कम होने से देश की अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचेगा।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं सहकार भारती ने जिला प्रशासन बड़वानी, जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के नेताओं से आग्रह किया है कि वे स्वयं इन विषयों पर पहल करते हुए आमजन को भी स्वदेशी अपनाने, स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने, अनावश्यक विदेशी खर्च से बचने तथा सार्वजनिक परिवहन, कार/वाहन पूल एवं पर्यावरण हितैषी साधनों के उपयोग के लिए प्रेरित करें। च्वोकल फॉर लोकलज्ज एवं च्आत्मनिर्भर भारतज्ज की भावना को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसी से देश आर्थिक रूप से अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा।

## शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

जिला कलेक्टर कार्यालय (अन्त्यावसायी शाखा), उज्जैन के माध्यम से जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित दो योजनाएं संचालित की जा रही हैं:

संत रविदास स्वरोजगार योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को उद्योग, व्यवसाय एवं सेवा इकाई स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। ऋण सीमा 1 लाख से 50 लाख रुपए तक, ब्याज दरः मात्र 5 प्रतिशत प्रति वर्ष, अनुदानः 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान एवं गारंटी शुल्क शासन द्वारा वहन किया जाएगा। पात्रता-अनुसूचित जाति का सदस्य, आयु 18 से 45 वर्ष, न्यूनतम 8वीं कक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना का उद्देश्य छोटे स्तर पर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान करना है। ऋण सीमा 10 हजार से 1 लाख रुपए तक। अनुदान 5 वर्ष तक ब्याज अनुदान एवं गारंटी शुल्क शासन द्वारा वहन किया जाएगा। पात्रता-अनुसूचित जाति का सदस्य, आयु 18 से 55 वर्ष, शिक्षित या अशिक्षित दोनों पात्र होंगे।उपरोक्त दोनों योजनाओं के लिए आवेदन एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है।

## कलेक्टर ने विभिन्न मामलों में की जनसुनवाई

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।

घट्टिया निवासी सुरेश सौलंकी ने आवेदन दिया कि उनकी पैतृक कृषि भूमि के नामांतरण के लिए उन्होंने आवेदन दिया था परंतु आज दिनांक तक उनकी जमीन का नामांतरण नही किया गया है। इस पर एसडीएम घट्टिया को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। केशव नगर उज्जैन के रहवासियों ने शिकायत की कि कॉलोनी में स्थित शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया गया है। यह लोग अपराधिक प्रवृत्ति के है तथा आए दिन स्थानीय रहवासियों को परेशान करते है। इनके द्वारा कई अवैध गतिविधियों को भी संचालित किया जा रहा है। इस पर तहसीलदार उज्जैन शहर को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। शहर के दादा भाई नोरोजी नगर वार्ड क्रमांक 23 के लोगों ने आवेदन दिया कि वे काफी लंबे समय से जल संकट की समस्या से जूझ रहे है। उनके क्षेत्र में नलों से पीने का पानी भी अत्यंत कम दबाव से आता है। इस पर नगर पालिका निगम के जोनल अधिकारी को मामले की जांच की शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उज्जैन निवासी पुरुषोत्तम सिंह ने आवेदन दिया कि उनके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा आवेदक की निजी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया गया है तथा विरोध करने पर आवेदक और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस पर आयुक्त नगर पालिका निगम को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एडीम श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट एवं अन्य अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई की गई।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 47 आवेदकों की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बडवानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ४७ आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में और प्रभावी ढंग करने के निर्देश दिए।

**.किसान की समस्या का हुआ सफल समाधान**

ग्राम सौंदुल के किसान श्री संजय पिता अम्बाराम ने २१ अप्रैल 2026 को गेहूं उपार्जन पंजीयन और स्लॉट बुकिंग में आ रही तकनीकी दिक्कत सैटेलाइट मैपिंग में फसल असत्यापित होना संबंधी आवेदन दिया था। कलेक्टर के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग के जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के पश्चात, किसान का स्लॉट बुक हो गया है एवं आवेदक को दूरभाष के माध्यम से अवगत भी करा दिया गया है।

**राशन वितरण में अनियमितता**

आवेदक शांताबाई और रोहित ने आवेदन देकर बताया कि उचित मूल्य दुकान चाचारियापाटी के संचालक द्वारा पिछले ८ माह से राशन नहीं दिया जा रहा है। संचालक द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद भी अनाज नहीं देने और अभद्र व्यवहार करने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने उक्त प्रकरण जिला आपूर्ति अधिकारी को कड़ी कार्वाई हेतु निर्देशित किया है।

**.विद्युत लाइनों से सुरक्षा हेतु दिया आवेदन**

ग्राम कुल्हारा निवासी किसान श्री कैलाशचंद्र यादव ने खेत के ऊपर से गुजर रही ११ केवी लाइन के झुकने और तारों के नीचे होने की शिकायत की, जिससे उनकी फसल को भी नुकसान हुआ है। इस मामले को सुधार हेतु कलेक्टर में उक्त प्रकरण एमपीईबी को समुचित कार्यवाही शीघ्र करने हेतु प्रेषित किया है।

**कृषि एवं स्वरोजगार हेतु ऋण**

ग्राम मोरतलाई तहसील पानसेमल निवासी आवेदिका पुष्पाबाई पदमोर ने अपनी भूमि के लिए डेयरी केसीसी लोन, ड्रिप सिंचाई और पीएमएफई योजना के तहत आटा चक्की हेतु ऋण दिलाने का अनुरोध किया, जिस पर कलेक्टर ने उक्त आवेदन पशुपालन विभाग को निराकरण हेतु निर्देशित किया है।

## कलेक्टर द्वारा वन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त बैठक में एमपीएफआरए पोर्टल पर लंबित दावों की समीक्षा की गई

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागृह में वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस बैठक में एमपीएफआरए पोर्टल पर दर्ज लंबित, मान्य एवं अमान्य किए गए दावों की सघन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिला स्तरीय समिति, उप खंड स्तरीय समिति और ग्राम वन अधिकार समिति द्वारा पुनः परीक्षण के उपरांत निराकृत किए गए प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देशित किया कि अनुविभागीय स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि यदि कोई दावा अमान्य किया जाता है, तो उसका स्पष्ट कारण आवेदक को अनिवार्य रूप से सूचित किया जाए, ताकि प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनी रहे।

कलेक्टर ने डिजिटल डेटा के साथ-साथ भौतिक रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश दिए। दस्तावेजों की पूर्णता पर बात करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि फाइल में विज्ञप्ति, दावा-आपत्ति, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव और स्थल के फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से संलग्न हों। विशेष रूप से हस्तलिखित प्रारूप 11 संलग्न होना चाहिए। वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों के किसी भी पात्र व्यक्ति का हक न छूटे। उन्होंने सभी समितियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित दावों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।इस दौरान बैठक में डीएफओ सेंधवा, डीएफओ बड़वानी, डीएफओ खरगोन, उपस्थित थे।

## उपार्जन कार्य में लापरवाही पर संस्था प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा निलंबित

**मंदसौर।** उपार्जन कार्य में पारदर्शिता और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मंदसौर ने सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की है। शामगढ़ शाखा के अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित चंदवासा के संविदा संस्था प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बैंक के सीईओ ने बताया कि उपार्जन केंद्र पर लापरवाही और प्राप्त शिकायतों की जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर यह कदम उठाया गया है। निलंबन अवधि में शर्मा का मुख्यालय सुवासरा शाखा निर्धारित किया गया है और वे बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। वहीं, चंदवासा संस्था का अतिरिक्त प्रभार शामगढ़ शाखा के प्रबंधक करणसिंह रावत को सौंपा गया है, ताकि उपार्जन कार्य प्रभावित न हो। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर विगत दिनों एक वीडियो सामने आया था, जिसमें मनोज कुमार शर्मा कार्यालय के अंदर चड्डी-बनियान में बैठे दिखाई दे रहे थे। इस मामले का संज्ञान लेते हुए उन पर यह कार्रवाई की गई है। हालांकी मामला सामने आने के बाद प्रबंधक मनोज शर्मा ने अपना पक्ष रखते हुए एक वीडियो जारी किया। जिसमें उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि अवकाश होने के बावजूद वे काम के लिए कार्यालय पहुंचे थे।

# गंभीर श्वसन बीमारी से जूझते 2 वर्ष 5 माह के बालक वीर को जिला अस्पताल उज्जैन में मिली नई जीवन-रेखा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

जिला चिकित्सालय उज्जैन के चरक भवन स्थित पीआईसीयू (क्कढ्ढष्ट) में चिकित्सकों की समर्पित टीम ने गंभीर निमोनिया से पीड़ित बालक को सफलतापूर्वक स्वस्थ कर दिया है। यह सफल उपचार जिले में उपलब्ध बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सकीय टीम की निरंतर निगरानी का उत्तम उदाहरण है।

उज्जैन जिले के ग्राम बालावद, तहसील बड़नगर निवासी श्री जितेन्द्र के पुत्र मास्टर वीर (उम्र 2 वर्ष 5 माह) को पिछले तीन दिनों से तेज बुखार, खांसी एवं सर्दी की शिकायत थी। हालत गंभीर होने पर बालक को जिला चिकित्सालय उज्जैन में भर्ती कराया गया।भर्ती के समय बालक की स्थिति अत्यंत गंभीर थी। जांच में दोनों फेफड़ों में क्रेपिटेशन एवं व्हीजिंग की समस्या पाई गई। चिकित्सकों ने बालक को निमोनिया (गंभीर श्वसन बीमारी) का मामला मानते हुए तुरंत उपचार शुरू किया।बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता भीलवार एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप वास्के के मार्गदर्शन में बालक को सीपीएपी (ष्टक्क्रक्क) सपोर्ट पर रखा गया। लगातार 8 दिनों तक सीपीएपी सपोर्ट, आईवी एंटीबायोटिक्स तथा अन्य आवश्यक दवाओं के साथ निगरानी की गई। धीरे-धीरे बालक की श्वसन स्थिति में सुधार हुआ। 8 दिन बाद बालक को ष्टक्क्रक्क से हटाकर ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। कुछ दिनों बाद ऑक्सीजन भी बंद कर दिया गया और बालक को सामान्य रूम एयर पर रखा गया।

वर्तमान में बालक पूर्णतः स्वस्थ है और किसी भी प्रकार की श्वसन संबंधी समस्या नहीं है। डिस्चार्ज के समय बालक को पूर्ण स्वस्थ घोषित कर घर भेज दिया गया।इस सफल उपचार में पीआईसीयू चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की अथक मेहनत और समर्पण सराहनीय रहा। माता-पिता ने भी चिकित्सकों एवं नर्सिंग टीम का विशेष आभार व्यक्त किया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल ने कहा च्यह सफलता जिला चिकित्सालय उज्जैन में उपलब्ध उन्नत चिकित्सा सुविधाओं, चिकित्सकीय टीम की लगन और क्कढ्ढष्ट की बेहतर व्यवस्था का प्रमाण है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा स्वस्थ होकर अपने घर लौटे।ज्जिला स्वास्थ्य विभाग इस प्रकार की सफलताओं को प्रोत्साहित करता है और जनमानस से अपील करता है कि गंभीर बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचें, जहां गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध है।

# शिक्षक का सही दायित्व



किसी ने पूछा, शिक्षक का कार्य क्या है? एक शिक्षक को बेहतर और श्रेष्ठतर जीवन की दिशा में छात्र का मार्गदर्शन करने के लिए पहले यह जानना होगा कि आप क्या जानते हैं? आप केवल वही जानते हैं, जो आपने अपने पूर्वाग्रहों से सीखा है, जो आपके एक हिंदू, मुस्लिम, ईसाई या पूंजीवादी, साम्यवादी होने की संस्कारबद्धता है। इस प्रकार का मार्गदर्शन केवल दुर्दशा व रक्तपात की ओर ले जाता है, जैसा दुनिया भर में दिखलाई पड़ता है। क्या यह शिक्षक का कार्य नहीं है कि वह छात्र की इन संस्कारित करने वाले प्रभावों से स्वयं को मुक्त करने में सहायता करे, ताकि वह भय और आक्रामक असंतोष के बगैर अपने जीवन से मुलाकात कर सके?

अगर एक शिक्षक के रूप में आप छात्र में विचार और भाव भर देते हैं, तब क्या आप उसे मनोवैज्ञानिक दृष्टि से अपने पर निर्भर नहीं बना रहे होते हैं? जब आप उसकी प्रेरणा के रूप में काम करते हैं, जब वह आपकी तरफ किसी नेता या आदर्श की तरह देखता है, तब वह निश्चित ही आप पर निर्भर करने लगता है। क्या निर्भरता भय को नहीं उपजाती और क्या भय प्रज्ञा को विकलांग नहीं बना देता? आप सोच रहे होंगे कि अगर शिक्षक को एक प्रेरक, एक उदाहरण या एक मार्गदर्शक नहीं होना है, तो भला उसका सही कार्य क्या है? जिस क्षण आप इनमें से कुछ भी नहीं होते, तब आप क्या हैं? आपका छात्र के साथ क्या संबंध है? क्या पहले आपका छात्र के साथ कोई संबंध था भी? उसके साथ आपका संबंध एक धारणा पर आधारित था कि उसकी भलाई किसमें है, उसे यह होना चाहिए या वह होना चाहिए। आप शिक्षक थे और वह विद्यार्थी; आपने उस पर कार्य किया, उसे अपने विशिष्ट संस्कारों के अनुसार प्रभावित किया। इस प्रकार, जान-बूझकर या अनजाने में आपने उसे अपनी छवि के सांचे में ढाल दिया। जब आप उस पर कार्य करना छोड़ देते हैं, तब वह अपने आप में महत्वपूर्ण हो जाता है। इसका मतलब है कि आपको उसे समझना है और यह मांग नहीं करनी है कि वह आपको या आपके आदर्शों को समझे, जो वैसे भी बनावटी हैं। तब आपको जो है के साथ पेश आना होता है, न कि जो होना चाहिए के साथ।

निश्चित ही, जब शिक्षक हर छात्र को अद्वितीय व्यक्ति मानकर चलता है और इसलिए किसी दूसरे से उसकी तुलना नहीं करता, तब उसका प्रणाली या विधि से कोई सरोकार नहीं रह जाता। तब उसका एक ही सरोकार होता है, छात्र को संस्कारित करने वाले आंतरिक और बाह्य प्रभावों को समझने में उसकी सहायता करना, ताकि वह प्रज्ञा के साथ जीने की जटिल प्रक्रिया का सामना कर सके और पहले से ही मौजूद गड़बड़ी में और अधिक समस्याएं न जोड़े।



सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जो सलाह दी है, उसकी चर्चा स्वाभाविक ही तेज हो गई है। सर्वाधिक चर्चा एक साल तक सोना न खरीदने की सलाह को लेकर हो रही। भारत में सोना केवल आर्थिक नहीं, सामाजिक या सांस्कृतिक रूप से भी बहुत प्रचलित है। स्वर्ण के प्रति ऐसी मानसिकता है कि यहां जीवन से जुड़े हरेक संस्कार में इसकी जरूरत पड़ती है। अतः एक साल तक सोना न खरीदने की सलाह पर खूब चर्चा हो रही है। आज देश के हर नागरिक को यह समझना चाहिए कि सोना न खरीदने या कम खरीदने से क्या होता है? भारत प्रति घंटे औसतन 80 किलोग्राम सोना खरीदता है और देश में खपत के लिए जरूरी 90 प्रतिशत सोना आयात करना हमारी मजबूरी है। सोना खरीदने में डॉलर खर्च करने की जरूरत पड़ती है, इसका असर देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। एक अनुमान है कि भारत अपनी रक्षा पर जितना धन खर्च करता है, उससे करीब आधे धन का सोना आयात करता है। सोने के साथ समस्या है कि तिजोरियों में बंद हो जाता है और उसमें निवेशित पैसा ठहर जाता है। निस्संदेह, प्रधानमंत्री की अपील के बाद सोने की खपत कम होगी, तो देश को आर्थिक बल मिलेगा।

प्रधानमंत्री की दूसरी बड़ी अपील है- घर से काम करने की प्रथा को पुनर्जीवित करना। उन्होंने कार्यालयों और व्यवसायों से आग्रह किया है कि जहां भी संभव हो, वे घर से काम करने की विधि का उपयोग करें। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि ईंधन की बचत होगी। पेट्रोल, डीजल के आयात में धन की बचत होगी। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री की यह भी सलाह है कि पेट्रोल, डीजल और गैस का संयम से उपयोग किया जाए। यहां यह ध्यान रखना होगा कि दो महीने से भी ज्यादा समय से भारत ने पेट्रोल, डीजल की कीमतों को बहुत हद तक संभाले रखा है, जबकि दुनिया के ज्यादातर देशों में तेल के भाव में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। जब दुनिया महंगाई से जूझ रही है, जब तेल का अभाव हो रहा है, तब पचास से ज्यादा देशों में पहले से ही वर्क फ्रॉम होम चल रहा है। लोग भूले नहीं हैं, कोरोना और लॉकडाउन के समय भी वर्क फ्रॉम होम की नौबत आई थी। अब एक अंतर यह होगा कि तब लोग जान बचाने के लिए वर्क फ्रॉम होम कर रहे थे और अब संभावित आर्थिक मंदी और महंगाई से बचने के लिए ऐसा करेंगे।

वोटों से तानाशाही का अन्त

# यह हिंदुओं की ममता के विरुद्ध साइलेंट क्रांति थी

जब तक ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री रहीं तब तक किसी को यह भनक नहीं लगी कि राज्य की 70 प्रतिशत हिंदू आबादी प्रताड़ना झेल रही थी। 2026 का यह विधानसभा चुनाव इस बात का गवाह बन गया कि ममता न केवल बंगाल में मुस्लिम तुष्टिकरण कर रही थीं बल्कि वे राज्य की डेमोग्राफी बदलने की कुटिल और कुत्सित चाल में संलग्न थीं और इस कृत्य में उनकी साझेदार बांग्लादेश की मुस्लिम कम्युनिटी थी। आज देश के समूचे विपक्ष की कई राजनीतिक पार्टियां मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए न केवल जानी जाती हैं बल्कि खुले रूप में वे स्वीकार करती हैं कि उनकी पार्टी मुसलमानों की पार्टी है। कौन नहीं जानता कि राहुल गांधी ने 12 जुलाई 2018 को उर्दू दैनिक अखबार इंकलाब में यह बयान दिया था। इस बात की पुष्टि तत्कालीन कांग्रेस के अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रमुख नदीम जावेद ने अपने एक इंटरव्यू में की थी कि राहुल गांधी ने कांग्रेस को मुसलमानों की पार्टी कहा। इस बयान की पुष्टि तो अपने आप तब और हो गई जब तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी ने नवंबर 2025 में कहा कि कांग्रेस है तो मुसलमान हैं, कांग्रेस नहीं तो मुसलमान कुछ नहीं। कहना ना होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस अपने अस्तित्व को मुसलमानों के समर्थन के बिना अक्षुण्ण नहीं मानती। केवल कांग्रेस ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी भी मुस्लिम समर्थन की बैसाखियों के बिना स्वयं को अपाहिज मानती है। इसका एम वाय समीकरण इस बात की पुष्टि करता है। यही हाल बिहार की राजद का है। देश में ऐसी अनेक पार्टियां हैं जो मुस्लिम तुष्टीकरण के आधार पर ही अपने अस्तित्व को बनाए हुए हैं। कुल मिलाकर देश में आजादी के 50-60 सालों तक यह ट्रेंड बन गया कि जिस पार्टी को मुसलमानों का समर्थन मिलता है वह पार्टी सत्ता की सीढ़ियां चढ़ ही जाती है। इसके पीछे का एकमात्र कारण है कि मुसलमान कम्युनिटी जिस पार्टी को भी वोट करती है एकजुट और एक मुश्त होकर करती है जबकि हिंदू अलग-अलग खेमों में बंटकर मतदान करता है और अब भी करता रहता यदि पश्चिम बंगाल में उसे प्रताड़ित न होना पड़ता। देश के राजनीतिक इतिहास में यह पहला मौका है जब हिंदुओं ने मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाली ममता की टीएमसी को एक-एक हिंदू वोट के लिए तरसा दिया। हिंदुओं की इस एकजुटता ने स्पष्ट कर दिया कि मुस्लिम वोट बैंक हिंदुओं की एकता के सामने पूरी तरह से बौना है। पश्चिम बंगाल में चाहे कांग्रेस का शासन रहा हो या मार्क्सवादियों का या ममता का मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर ही रहा। वैसे यदि तुष्टिकरण सत्ता प्राप्ति के उद्देश्य की पूर्ति तक सीमित हो तो इसमें सामान्य जनमानस को कोई बहुत फर्क नहीं पड़ता। पिछले 60 साल से देश देखता आया कि इसी नीति के तहत देश पर कांग्रेस का राज रहा किंतु सामान्य मुसलमान को उसका कोई लाभ नहीं मिला। लाभ मिला तो केवल प्रभावशाली मुसलमानों को जो अपने समुदाय की अगुआई करते थे। 2014 के बाद जब वर्षों तक विपक्ष में बैठने वाली भाजपा को देश की बागडोर मिली तब मुसलमानों को समझ में आया कि उन्हें अपने दौर की कांग्रेस ने किस तरह वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। भाजपा के कार्यकाल में जो भी सुविधा और शासकीय योजनाएं बनी उसमें धर्म के आधार पर किसी तरह का भेदभाव नहीं हुआ इसके बावजूद मुसलमानों का वोट बीजेपी को कभी नहीं मिला और शायद कभी मिलेगा भी नहीं किंतु भाजपा ने सामान्य मुसलमान को जागरूक अवश्य किया कि वह अब तक वोट बैंक बने रहा जिसका लाभ उन्हें ना तो मिला है और ना कभी मिलेगा। आज की स्थिति में देश का मुस्लिम तबका अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियों से जुड़ा हुआ है लेकिन पश्चिम बंगाल की टीएमसी की तुष्टीकरण की नीति पूरी तरह से देश के अन्य राज्यों से अलग ही रही। ममता बनर्जी जहां एक और कट्टर मुस्लिम मानसिकता के साथ मुसलमानों का तुष्टिकरण कर रहीं थी वहीं दूसरी ओर उन्होंने बांग्लादेशी मुसलमानों को राज्य में प्रवेश देकर राष्ट्र की अस्मिता और संप्रभुता के लिए खतरा पैदा किया। अपनी सत्ता को स्थाई बनाए रखने के लिए उन्होंने बांग्लादेशी नागरिकों को राज्य की वोटर लिस्ट में शामिल तो किया ही साथ ही उन्हें आधार कार्ड, राशन कार्ड और अन्य नागरिक सुविधाएं देकर उपकृत किया जिसके बदले में वे 2016 और 2021 में लगातार मुख्यमंत्री बनी रहीं। 2011 में उन्होंने मार्क्सवादियों को बंगाल से बेदखल किया था लेकिन उसके बाद के सभी चुनावों में उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए वामपंथियों के उसी खूनी पैटर्न को अपनाया जिसके दम पर लेफ्ट ने राज्य पर 34 साल शासन किया। यह सब अब जब राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ है धीरे-धीरे समझ आ रहा है। ममता बैनर्जी इन पिछले 10 सालों में बांग्लादेशी फर्जी वोटरों और हिंसा के बल पर बंगाल पर राज करती रहीं। यही नहीं पिछले 10 वर्षों में बंगाल के हिंदुओं को समझ आ गया कि उनकी जान और संपत्ति खतरे में है तब जाकर उन्होंने बिना शोर शराबा किए, ममता का प्रत्यक्ष विरोध किए बिना साइलेंट क्रांति के जरिए उन्हें सत्ता से उखाड़ फेंका। ममता का मुसलमानों से प्रेम और हिंदुओं के साथ अन्याय की ढेर सारी कहानियां अब उजागर हो रही हैं और कुछ आने वाले समय में उजागर होती रहेंगी। ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने इस चुनाव में जो किया वह तो सबके सामने है लेकिन पिछले सभी चुनावों चाहे वे लोकसभा के हों या विधान सभा के या पंचायत के या स्थानीय निकायों के सभी में आतंक का कितना बोलबाला रहा होगा यह अब समझ में आ रहा है। ममता बनर्जी एक मंझी हुई नेत्री हैं। वह इस चुनाव में समझ रही होंगी कि उनकी स्थिति खराब है और हिंदू वोटर उनके खिलाफ हैं। वह भांप भी गई होंगी लेकिन इस बात से आश्वस्त रही होंगी कि मुस्लिम वोटरों के कंसोलिडेटेड वोट उन्हें मिलेंगे ही। लेकिन इसके बाद भी वे सशंकित रहीं यही कारण था कि सर्वधर्म समभाव की रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था एक बात याद रखना बीजेपी की मदद मत करना। अगर आप बीजेपी की मदद करेंगे तो अल्लाह की कसम कोई आपको माफ नहीं करेगा। मैं भी आपको माफ नहीं करूंगी। अल्लाह की कसम खाते हुए उन्होंने यह भी कहा कि उन लोगों को बख्शा नहीं जाएगा जो राज्य में बीजेपी की मदद करेंगे। ममता तो ममता अभिषेक बनर्जी ने मतदाताओं को खुले तौर पर धमकाते हुए नॉर्थ 24 परगना की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली बार भी हम आरामबाग, गोघाट , खानाखुश और परशुरा हार गए थे लेकिन उदारता में आप सब बच गए थे। इस बार मैं खुद जिम्मेदारी संभालूंगा। 4 तारीख 12:00 बजे बाद देखूंगा की कितनी औकात है कि दिल्ली का बाप किसे बचाने आता है। इन सब बातों से यह स्पष्ट है कि जिस पार्टी का नेतृत्व ही आम मतदाताओं को खुले तौर पर धमकाता हो तो उसके समर्थक कार्यकर्ता , गुंडे, बदमाश जनता को कितना प्रताड़ित करते होंगे। ममता बनर्जी वस्तुतः शुरू से एक तानाशाह जैसी नेता रहीं। अप्रैल 2012 में जाधवपुर विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र के एक प्रोफेसर अंबिकेश महापात्रा ने ममता बनर्जी के एक कार्टून चित्र को अपने मेल अकाउंट से शेयर कर दिया था तब ममता ने उसे न केवल जेल भेज दिया बल्कि वह व्यक्ति 11 सालों तक कानूनी लड़ाई लड़कर बरी हो पाया। ममता की हठ धर्मिता का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है कि बुरी तरह हार जाने के बाद भी उन्होंने कहा मैं इस्तीफा नहीं दूंगी भले ही राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाए।



डॉ. हरिकृष्ण बडोदिया
(दैनिक अवन्तिका)

## परोसा गया शून्य

पेट की अपनी कोई भाषा नहीं होती, बस एक आदिम जिद होती है जो आंतों के गलियारों में डमरू बजाती रहती है। वह जो हलवाई की दुकान पर खड़ा लड़का है, उसकी आंखों में समोसों के प्रति प्रेम नहीं, बल्कि एक दार्शनिक विराग है। वह जानता है कि तेल में छनती हुई हर टिकिया दरअसल एक देह का रूपांतरण है। लोग कहते हैं भूख मिटती है, पर सच तो यह है कि भूख केवल अपना चोला बदलती है। कभी वह रोटी बनकर थाली में सजती है, तो कभी महत्वाकांक्षा बनकर तिजोरी में दुबक जाती है। क्या देख रहे हो? मैंने उस लड़के से पूछा। उसने बिना पलक झपकाए कहा, साहब, देख रहा हूँ कि लोग आटे की गोलियां निगल रहे हैं या अपनी ही उम्र चबा रहे हैं। उसकी बातों में वो सादगी थी, जो सीने को चीर देती थी। शहर की चमचमाती सड़कों पर गाड़ियां नहीं, बल्कि सुलगती हुई जरूरतें दौड़ रही थीं। एक सफेदपोश सज्जन अपनी मर्सिडीज से उतरे और फुटपाथ पर बैठे फकीर से पूछने लगे, तुम्हें सबसे ज्यादा क्या चाहिए? फकीर ने अपनी झुर्रियों में फंसी मुस्कान को बाहर निकाला और बोला, साहब, भूख के भी व्याकरण होते हैं। किसी को सत्ता की भूख है, किसी को प्रशंसा की, किसी को बस एक ऐसे सन्नाटे की जिसमें वह खुद को सुन सके। सज्जन ठिठक गए। उन्हें लगा जैसे उनकी मर्सिडीज का इंजन अचानक उपनिषदों की भाषा बोलने लगा है। भूख दरअसल एक शून्य है, जिसे भरने के लिए इंसान पूरी कायनात को निगल जाना चाहता है, फिर भी वह रिक्त ही रहता है। यह मर्म की वह परत है जहाँ पहुँचकर हर तर्क हाथ जोड़कर खड़ा हो जाता है।

शाम ढलते ही रेस्तरां की मेजों पर छुरी-कांटे चलने लगे। मांस के लोथड़ों को काटते हुए लोगों के चेहरों पर जो हिंसक तृप्ति थी, वह किसी युद्ध की विजय से कम न थी। यह मटन बहुत स्वादिष्ट है, एक युवती ने कहा। उसके सामने बैठे युवक ने ठंडी आह भरी, स्वाद केवल जीभ का धोखा है, असल में हम अपनी ही मृत्यु को थोड़ा और स्वादिष्ट बनाने की कोशिश कर रहे हैं।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13 मई 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:51 सूर्यास्त 18:56
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - एकादशी 13:30 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा 24:17 उपरांत रेवती
योग - विष्कुंभ 20:55 उपरांत प्रीति
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 25 तारिख

**मेष-** आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**वृषभ-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**मिथुन-** फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क-** आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें।

**सिंह-** थकान रह सकती है। तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

**कन्या-** पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**तुला-** नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृश्चिक-** व्यापार लाभदायक रहेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु-** दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।


**मकर-** नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ-** विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन-** समय अनुकूल है। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

व्यंग्य

## मोबाइल की गोद में पलता अकेला बचपन



बच्चे और माता-पिता का संबंध केवल जैविक नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और मार्गदर्शन का जीवंत सूत्र है। भारतीय संस्कृति में माता-पिता को बच्चे का प्रथम गुरु माना गया है, जो उन्हें न केवल चलना-बोलना बल्कि जीवन-मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व भी सिखाते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

एक स्वस्थ परिवार वही है जहाँ बच्चों को स्नेह, संवाद और अपनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय मिले। किंतु आधुनिक जीवनशैली, करियर की अंधी दौड़ और तकनीक पर बढ़ती निर्भरता ने इन संबंधों को बदल दिया है। आज अधिकांश माता-पिता के पास समय का अभाव है। इसकी भरपाई के लिए वे बच्चों को मोबाइल, टीवी या टैबलेट उपलब्ध करा देते हैं ताकि वे स्वयं को फ्री रख सकें। स्थिति यहाँ तक पहुँच गई है कि बच्चा रोए, जिद करे या खाना न खाए, समाधान के रूप में उसके हाथ में मोबाइल थमा दिया जाता है।

यह केवल तकनीक का उपयोग नहीं, बल्कि पालन-पोषण की बदलती मानसिकता का संकेत है। आज का समाज व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आर्थिक प्रतिस्पर्धा पर अधिक ध्यान दे रहा है। परिणामस्वरूप, संयुक्त परिवारों का स्थान डिजिटल स्क्रीन और झूलाघरों ने ले लिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे उनकी एकाग्रता और स्मरण शक्ति घटती है, भाषा विकास धीमा होता है और चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है।

बचपन, जो कभी खेल, प्रकृति और किस्सों का समय होता था, अब स्क्रीन तक सिमट गया है। बच्चे मैदानों और पारिवारिक सानिध्य से दूर होकर आभासी दुनिया में अकेले होते जा रहे हैं। शारीरिक स्तर पर भी कम उम्र में आँखों की कमजोरी, मोटापा और नींद के विकार बढ़ रहे हैं। इंटरनेट पर अनियंत्रित सामग्री और हिंसक खेलों की लत बच्चों को अवसाद की ओर धकेल रही है।

पालन-पोषण का अर्थ केवल अच्छी सुविधाएँ देना नहीं, बल्कि बच्चों के मन की दुनिया को समझना है। माता-पिता के साथ किया गया संवाद बच्चों में आत्मविश्वास और सुरक्षा का भाव पैदा करता है। आज दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता है। बच्चों को गैजेट्स के बजाय पुस्तकों, बागवानी, योग और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना चाहिए। परिवार के साथ भोजन करना और घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ समय बिताना उनके व्यक्तित्व को गढ़ने में सहायक होगा।

तकनीक शिक्षा के लिए उपयोगी हो सकती है, किंतु यह माता-पिता के स्नेह का विकल्प नहीं है। यदि आज हम बच्चों को समय और संस्कार देंगे, तभी वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन पाएंगे। वास्तव में बच्चों को महंगे गैजेट्स की नहीं, बल्कि माता-पिता के साथ और प्यार की आवश्यकता होती है।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

# सिर दर्द से हैं परेशान तो यह उपाय होंगे फायदेमंद, तुरंत मिलेगा आराम

आज की भागदौड़ व तनाव पूर्ण जिंदगी में सिर दर्द की समस्या होना आम बात है। लेकिन सिरदर्द की समस्या को हल्के मे नही लेना चाहिए क्योंकि यह आगे जाकर बड़ी बीमारी का रूप ले सकती है । सिर दर्द की समस्या से छुटकारा पाने के लिए लोग दवाइयों का सेवन करने लगते हैं, परंतु दवाइयों का अधिक सेवन भी स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है। सिर दर्द की समस्या को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय भी किए जा सकते हैं। इसलिए आज इस लेख के माध्यम से हम आपको बतानें जा रहें ऐसे घरेलू असदार उपाय जो सिरदर्द की समस्या से निजात दिलानें में आपके लिए मददगार साबित होंगें तो आइये जानतें हैं।



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

### लौंग

लौंग का सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। सिर दर्द को दूर करने के लिए तवे पर चार- पांच लौंग सेक लें और लौंग को सेंकने के बाद किसी कपड़े में बांध लें। कपड़े में बांधने के बाद लौंग को थोड़ी- थोड़ी देर में सूंघते रहें। लौंघ को सूंघने से सिर दर्द दूर हो सकता है।



### नारियल के तेल से मसाज

सिर दर्द से छुटकारा पाने के लिए नारियल तेल से सिर की मसाज करें। नारियल तेल से मसाज करने से सिर दर्द की समस्या दूर हो सकती है। आपको बता दें माइग्रेन की वजह से भी सिर दर्द की समस्या हो सकती है। लगातार सिर दर्द की समस्या होने पर अपने डॉक्टर से अवश्य सलाह लें।

### लौंग और नारियल के तेल सिर पर लगाएं

सिर दर्द की समस्या को दूर करने के लिए लौंग और नारियल के तेल को मिला लें और इस मिश्रण को माथे पर लगाएं। इस मिश्रण को माथे पर लगाने से सिर दर्द की समस्या दूर हो सकती है।

### अदरक और नींबू का रस

सिर दर्द की समस्या से छुटकारा पाने के लिए अदरक और नींबू के रस का सेवन करें। अदरक और नींबू के रस का सेवन करने से सिर दर्द की समस्या दूर हो सकती है। अदरक और नींबू के रस का सेवन दिन में दो से तीन बार करें।


### गाजर का जूस

माइग्रेन के मरीजों को गाजर के जूस का सेवन करना चाहिए। गाजर के जूस का सेवन करने से माइग्रेन की समस्या से आराम मिलता है। गाजर का जूस स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। नोट- उपरोक्त दी गई जानकारी व सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं इन्हें किसी प्रोफेशनल डॉक्टर की सलाह के रूप में समझें। कोई भी बीमारी या परेशानी हो तो डॉक?टर की सलाह जरूर लें ।

धर्म-आस्था

# यह योगासन कैसे सुधारता है पाचन और मानसिक शांति

आज के दौर में योग लोगों के लिए वरदान है क्योंकि आजकल लगभग हर कोई चिंता, तनाव, मोटापा और महिलायें मासिक धर्म की समस्याओं से जूझ रही हैं। ऐसे में, योग उन्हें बहुत सारे विकल्प देता है इन परेशानियों से निजात पाने के लिए। इसमें से एक है जानु शीर्षासन भी कहा जाता है। यह बैठकर आगे झुककर किया जाने वाला योगासन है, जो हेमस्ट्रिंग, कूल्हे और रीढ़ की लचक बढ़ाता है। इसके अलावा यह पेट के अंगों की मालिश करता है और कंधों को भी तनावमुक्त करता है। इस आसन को कैसे करते हैं और इसके अन्य क्या-क्या फायदे हैं, चलिए जानते हैं...जानु शीर्षासन करने की विधि



जानु शीर्षासन में जानु का अर्थ है घुटना और शीर्ष का अर्थ है 'सिर'। इस आसन में सिर को घुटने से लगाने का प्रयास किया जाता है, इसलिए इसे जानु शीर्षासन के नाम से भी जाना जाता है। इसे करने के लिए जमीन पर सीधे बैठ जाएं और दोनों पैर सामने फैलाएं। फिर एक पैर को मोड़कर उसकी एड़ी को दूसरी जांघ के पास रखें। दूसरे पैर को सीधा रखें। अब धीरे-धीरे आगे श्वास छोड़ते हुए उस पैर की तरफ झुकें जो सीधा है और हाथों से पैर को पकड़ें। सिर को घुटने के करीब लाने की कोशिश करें। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहें और सामान्य सांस लें। फिर धीरे-धीरे वापस आएं और दूसरी तरफ से दोहराएं

### जानु शीर्षासन करने के फायदे

- यह आसन करने से हैमस्ट्रिंग और कूल्हों की लचक बढ़ती है।
- इसे करने से कमर और रीढ़ की लचीलेपन में सुधार होता है और तनाव और मानसिक शांति मिलती है।
- यह पाचन और गुर्दे पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।
- यह आसन तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है।
- इस आसन से पेट के अंगों पर हल्का दबाव पड़ता है, जिससे पाचन बेहतर होता है।
- इससे शरीर में ब्लड फ्लो सुधरता है और ऊर्जा बढ़ती है।

### आसन करने में बरतने जाने वाली सावधानियां

- अगर झुकना ज्यादा मुश्किल लग रहा, तो घुटने के पास तक ही झुकें। इसेक लिए पहले हल्की कसरत या सूर्य नमस्कार और हैमस्ट्रिंग-खोलने वाले आसन कर सकते हैं।
- पीठ पर दवाब ना पड़े, इसके लिए कमर के नीचे तौलिया या ब्लॉक रखें।
- गंभीर कमर-चोट, हर्निया, हाल की सर्जरी, या तीव्र कंधे-घुटने की समस्या होने पर यह आसन न करें।
- गर्भावस्था में भी डॉक्टर से सलाह लेकर ही करें।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति और एलआर आलू 400 से 900 रुपए क्विंटल बिके जबकि कुछ अच्छे लॉट 1000 रुपए तक पहुंचे। आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1400-3400 मसूर- 6530-6700, चना शरबती- 3791, चना देशी-5101-5750, डालर-3461-8000, मटर-1100-3176, उड़द- 7501, सोयाबीन-2651-7676, मैथीदाना- 2601-5580, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,51,000 रवा- 1,51,800 चांदी-टंच- 2,50,000 पाट- 2,50,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## भोजपुर पुलिस की कार्यवाही में 8 किलो 300 ग्राम मूल्य 40 हजार रुपये का अवैध डोडा चूरा सहित आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भोजपुर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धरमवीर नागर के मार्गदर्शन में कार्यवाही की। थाना भोजपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भोजपुर निवासी राकेश सौंधिया द्वारा ग्राम सेमली स्थित नेशनल हाईवे -52 पर अपने किराये के ढाबे में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा रखा है तथा उसे बेचने की तैयारी की जा रही। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अजय यादव मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दबिश दी। आरोपी राकेश सोधिंया के ढाबा ग्राम सेमली से 8 किलो 300 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद कर आरोपी राकेश पिता मानसिंह सौंधिया 25 वर्ष निवासी ग्राम भोजपुर, थाना भोजपुर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर 8 किलो 300 ग्राम अवैध डोडा चूरा अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये का माल जप्त किया आरोपी के विरुद्ध थाना भोजपुर में अपराध क्रमांक 149/26 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय मॉडल व दिव्यांग खिलाड़ी राजेश वर्मा को मिला सावित्री बाई फुले अवॉर्ड



**ब्यावरा।** राजगढ़ के राजेश को मिला सावित्री बाई फुले अवॉर्ड 2026 जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर किया रोशन शेड्स ऑफ इंडिया मैगजीन ने 7 मई को इंडिया स्लामिक सेंटर दिल्ली में सावित्री बाई फुले अवॉर्ड 2026 को आयोजन किया जिसमें देश भर से उन लोगों का चयन किया गया जिन्होंने किसी भी विधा में उपलब्धियां हासिल की हो वहीं राजगढ़ से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित करेड़ी गांव के राजेश वर्मा का चयन इस सम्मान के लिए किया गया ओर 7 मई को उन्हें सावित्री बाई फुले अवॉर्ड 2026 से नवाजा गया, राजेश वर्मा एक अंतर्राष्ट्रीय मॉडल ओर दिव्यांग खिलाड़ी है जिन्होंने मॉडलिंग में कई बार मिस्टर इंडिया का खिताब अपने नाम किया हुआ है और खेलो में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं उन्होंने दोनों पैर से दिव्यांग होने के बाद भी हार नहीं मानी और अपनी दिव्यांगता को अपनी कमजोर न बनाते हुए अपनी ताकत बनाई और मध्य प्रदेश के लिए व्हीलचेयर पर क्रिकेट खेलते है फुटबॉल खेलते हैं, बास्केटबॉल, पंजा कुश्ती, भाला फेंक, गोला फेंक, में भी उन्होंने मेडल जीत रखे हैं। इसी के साथ राजेश वर्मा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं उन्हें इंस्टाग्राम ओर फेसबुक पर 1 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। उन्हें दिव्यांग आइडियल भी कहा जाता हैं। वो भारतीय दिव्यांग संगठन में प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश के रूप में कार्य करते हैं और दिव्यांग अधिकार की लड़ाई लड़ने का काम भी करते हैं। ऐसी अनेक प्रतिभा के धनी राजेश वर्मा ने राजगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

## जिन देशना बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ बच्चों में दिखा उत्साह



**शुजालपुर।** रेवा ड्रीम्स फ्रीगंज स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में प्रथम बार आयोजित जिन देशना बाल संस्कार शिविर का सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ। शिविर में 70 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। 11 से 15 मई तक चलने वाले इस आयोजन में समाजजन भी बढ़-चढ़कर सहभागिता कर रहे हैं। शिविर में बच्चों को जैन धर्म के मूलभूत सिद्धांत एवं प्रमुख शिक्षाएं रोचक खेल, प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के माध्यम से सिखाई जाएंगी। बच्चों को शिक्षित करने के लिए ज्ञानोदय तीर्थधाम दीवानगंज भोपाल से विद्वान पंडित विशाल शास्त्री एवं पं. सुनील धवल विशेष रूप से पहुंचे हैं। आयोजकों ने बताया कि शिविर के दौरान बच्चों के लिए घर से आने-जाने के लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रतिदिन बच्चों को स्वल्पाहार के साथ ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं, गेम्स एवं आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। शिविर के शुभारंभ अवसर पर बच्चों की प्रभातफेरी निकाली गई। रैली ने कॉलोनी स्थित मंदिर की परिक्रमा कर वातावरण को धर्ममय बना दिया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धार्मिक नारों के साथ आयोजन की शुरूआत की। रेवा ड्रीम्स मंदिर के निमार्ता परिवार अतुल सिरमोर परिवार एवं डॉ. के के जैन ने अधिक से अधिक बच्चों एवं पालकों से शिविर में सहभागिता करने की अपील की है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

पुलिस ने नकली शादी कराने वाले गिरोह को पकड़ा

# शादी के नाम पर 2 लाख की ठगी, अगले दिन भागी दुल्हन समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास पुलिस ने शादी के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का सोमवार को पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक युवक की शादी कराने का झांसा देकर उसके परिवार से 2 लाख रुपए की ठगी की थी। शादी के अगले ही दिन दुल्हन फरार हो गई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 18 हजार 500 रुपए भी जब्त किए हैं।

पुलिस के अनुसार, फरियादी जानकीलाल पुवाडिया निवासी देवास ने नाहर दरवाजा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके बेटे अमन की शादी नहीं हो रही थी। इसी दौरान ईटावा, देवास निवासी अंतरसिंह ने अमन की शादी कराने का भरोसा दिलाया और इसके लिए करीब 2 लाख रुपए खर्च होने की बात कही।



**राजगढ़ ले जाकर सीमा से कराई**

इसके बाद, फरियादी को राजगढ़ जिले के जीरापुर ले जाया गया, जहां उनकी मुलाकात सीमा यादव और उसकी कथित मौसी गीताबाई से हुई। रिश्ता तय होने के बाद, 6 मई को सीमा को देवास लाकर लिखापढ़ी के बाद अमन से शादी करवा दी गई। शादी के बदले आरोपियों ने फरियादी से 2 लाख रुपए नकद लिए थे। हालांकि, शादी के अगले ही दिन रात में दुल्हन सीमा यादव घर से फरार हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**दुल्हन समेत 6 आरोपी पकड़े गए**

मामले की गंभीरता को देखते हुए, थाना प्रभारी आलोक सोनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर राजगढ़ और इंदौर से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। दुल्हन को देवास से ही पकड़ा गया।

गिरफ्तार आरोपियों में दुल्हन सीमाबाई (21, निवासी उमरिया जिला), गीताबाई (निवासी जीरापुर, जिला राजगढ़), अतरसिंह (निवासी ईटावा, देवास), कमल मालवीय (निवासी सांवेर, इंदौर जिला), फारूक मंसूरी (निवासी जीरापुर, राजगढ़) और कमल उर्फ दिलीप (निवासी बोरखेड़ा, उज्जैन) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लाख 18 हजार 500 रुपए जब्त किए हैं। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

कार्रवाई में पुलिसकर्मियों गणेशलाल जटिया, राकेश बौरासी, कमल झोडिया, नितेश द्विवेदी, यशवंत, भगवान, वासुदेव, अनिता, नवदीप, विकास, अनिता, देविका, कशक, खुशबू एवं सायबर सेल देवास से प्रभारी सायबर सेल देवास शिवप्रताप सिंह सेंगर, सचिन चौहान का विशेष योगदान रहा।

सब्जी बाजार में महिला के गले से सोने की चेन पार

# भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने दिया वारदात को अंजाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

शहर के सब्जी बाजार में काफी अव्यवस्था व असूरक्षा की स्थिति है, यहां पर आने वाली महिलाओं को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है और चोरी की घटनाएं भी हो रही है। रविवार को हाट बाजार में खरीदारी करने पहुंची एक महिला के गले से अज्ञात बदमाश सोने की चेन पार कर ले गया। घटना के बाद महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ब्रज नगर कॉलोनी निवासी शकुन्तला पति योगेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 10 मई की शाम करीब 4 बजे अपनी परिचित महिला के साथ सब्जी लेने बाजार गई थी। इसी दौरान भीड़भाड़ के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके गले से सोने की चेन चोरी कर ली। महिला ने बताया कि चेन का वजन करीब 14 ग्राम था, जिसकी कीमत हजारों रुपए बताई जा रही है। घटना का



पता तब चला जब उसने अपने गले में चेन नहीं देखी। इसके बाद उसने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर बाजार क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

**बाल-बाल बची माँ बेटी**

शहर में इन दिनों आवारा मवेशियों का भी आतंक है, विशेष रूप से सब्जी बाजार में इनके कारण काफी परेशानी होती है। रविवार को आवारा मवेशियों की भगदढ़ के चलते अफरा तफरी का माहोल हो गया और एक बड़ी दुर्घटना होने से बची। बताया जाता है कि रविवार की शाम को आवारा मवेशी एक दूसरे के पीछे दौड़ रहे थे, चौबे मार्ग पर अपने घर के ओटले पर एक युवती अपनी छोटीसी बेटी को गोद में लिए हुए थी, इसी दरमियान मवेशियों से दौड़ लगा दी, जिसे देख युवती ने अपनी व नन्नी सी जान को जैसे तैसे भागकर बचाया। चौबे मार्ग निवासी नीतिन जैन ने कहा कि हाट बाजार को लेकर नगर पालिका निष्क्रिय है और आवारा पशुओं से आम लोग परेशान है, यहां पर लापरवाही के चलते बड़ा हादसा हो सकता है।

## खेत विवाद में दो पक्ष भिड़े, दोनों ओर से क्रॉस एफ आईआर

**लाठी-डंडे और लोहे के पाइप से मारपीट, कई लोग घायल**

**शुजालपुर।** मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम राणोगंज में रविवार रात खेत विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला करने के आरोप लगाते हुए थाने में क्रॉस एफ आईआर दर्ज कराई है। घटना में महिलाओं सहित कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुछ को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार एक पक्ष की ओर से गूंजा बाई पत्नी मुकेश केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 10.30 बजे रामप्रसाद केवट और उसका पुत्र जितेंद्र केवट घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर डंडों और लोहे के पाइप से हमला कर दिया। मारपीट में परिवार के कई लोगों को चोटें आईं। फरियादी पक्ष का आरोप है कि बीच-बचाव करने आए परिजनों के साथ भी मारपीट की गई तथा जान से खत्म करने की धमकी दी गई। इस मारपीट में फरियादी सहित अंकित, शेखर, संदीप सहित अन्य को चोटे आई। फरियादी की शिकायत पर रामप्रसाद केवट, जितेन्द्र केवट, मांगी बाई व लक्ष्मी बाई के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं दूसरे पक्ष से रामप्रसाद केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उसका भाई मुंशीलाल केवट शराब के नशे में घर के सामने गाली-गलौज कर रहा था। समझाइश देने पर मुंशीलाल और उसके परिवार के लोगों ने डंडों एवं लोहे के पाइप से हमला कर दिया। घटना में रामप्रसाद, उसकी पत्नी, पुत्र और बहू घायल हुए हैं। फरियादी रामप्रसाद की शिकायत पर मुंशीलाल केवट, अंकित केवट, गजराज केवट, शेखर, संदीप केवट के विरूद्ध मामला दर्ज किया।

# स्मार्ट मीटर और बढ़ते बिजली बिलों का विरोध : कलेक्टर से शिकायत करने पहुंचे उपभोक्ता, डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

जिले में बढ़ते बिजली बिलों, स्मार्ट मीटरों की कथित अनियमितताओं और बिजली विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के व्यवहार के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में नागरिक कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की।



ज्ञापन में नागरिकों ने आरोप लगाया कि पहले सामान्य परिवारों के बिजली बिल 200 से 300 रुपए तक आते थे, लेकिन अब बिना अतिरिक्त बिजली उपयोग के भी 2000 से 3000 रुपए तक के बिल दिए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि घरों में उपयोग होने वाले विद्युत उपकरण पहले जैसे ही हैं, इसके बावजूद बिलों में कई गुना वृद्धि हुई है।

नागरिकों ने स्मार्ट मीटरों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से ही बिलों में अत्यधिक बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार आर्थिक रूप से परेशान हैं। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि शिकायत लेकर पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिलते और कई बार कर्मचारियों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। कुछ मामलों में रुपए लेकर बिजली चालू करने के आरोप भी लगाए गए हैं। विभाग के एक अधिकारी पर उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार और धमकाने का आरोप भी लगाया गया है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विभाग के अधिकारी फोन तक रिसीव नहीं करते और हर शिकायत पर केवल 1912 पर कॉल करने की बात कहकर जिम्मेदारी से बचते हैं। नागरिकों ने मांग की कि बढ़ी हुई रीडिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए, पुराने मीटरों की औसत रीडिंग के आधार पर बिल जारी किए जाएं और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आगर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली उत्पादन परियोजनाओं के लिए बड़ी मात्रा में भूमि दी गई है, इसके बावजूद स्थानीय लोगों को कोई राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को बिजली बिलों में विशेष राहत दी जानी चाहिए। नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो समस्त आगरवासी चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

गुना, गुलाब, गुनिया देखेगी दुनिया समय-सीमा बैठक में कलेक्टर का विजन

## लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए जरूरी दिशा-निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री कन्याल ने हाल ही में जिले में मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी ने टीम भावना के साथ उत्कृष्ट कार्य किया। उन्होंने कहा कि जब हम अपने कार्य को मन लगाकर और प्रसन्नता के साथ करते हैं, तो उसके परिणाम भी बेहतर आते हैं। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि हमें ऐसे कार्य करने चाहिए जिनसे लोग हमें हमारे अच्छे कार्यों के लिए याद रखें। उन्होंने कहा कि जिले में किए जा रहे नवाचारों से गुना को नई पहचान मिल रही है और गुना,गुलाब, गुनिया देखेगी दुनिया के रूप में जिला विशेष पहचान बनाएगा।

बैठक में जनगणना कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि जिले में लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष कार्य को तेजी से पूरा किया जाए, लेकिन गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। कमजोर प्रगणकों की सहायता कर जनगणना कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर कन्याल ने अधिकारियों से कहा कि वे अधिक से अधिक फील्ड भ्रमण करें तथा जहां भी जाएं, वहां पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। मंडियों में शरबत और ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिले में कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नहीं रहनी चाहिए। यदि शिकायतें लंबित पाई जाती हैं तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वेतन कटौती की जाएगी।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दिनेश चौधरी पिता श्री मांगीलाल चौधरी जाति गारी निवासी ग्राम गोन्दिया तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) ने चेतेन्द्र उर्फ चेतन पिता श्री देवनारायण जाति माली निवासी ई.डब्ल्यू.एस. 22, इन्दिरा नगर, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 906/1 रकबा 0-610 हेक्टर स्थित ग्राम गोन्दिया प.ह. नं. 19 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/ व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक :- 12/05/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**



## गेहूं चोरी कर भागा आरोपी 4 घंटे में बरोठा पुलिस ने किय गिरफ्तार

**देवास।** देवास के बरोठा थाना पुलिस ने गेहूं चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज चार घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया तीन क्विंटल गेहूं भी बरामद किया है। फरियादी बाबू निवासी ग्राम बरखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह वेयर हाउस में गेहूं रखने के लिए ट्रैक्टर लाइन में खड़ा कर खाना खाने गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर उनके ट्रैक्टर से तीन क्विंटल गेहूं चोरी कर ले गया। मामले में पुलिस ने तुरंत अपराध दर्ज कर टीम गठित की। जांच के दौरान ह्यऑपरेशन त्रिनेत्रमह्व और व्हाट्सएप कम्युनिटी ग्रुप के जरिए संदिग्ध का हुलिया साझा किया गया, जिससे पुलिस को अहम सुराग मिला। सूचना के आधार पर पुलिस ने खोकरिया रोड से संदेही अनिल रावत निवासी बरखेड़ी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। उसके कब्जे से करीब 7,800 रुपये कीमत का तीन क्विंटल गेहूं बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी अनिल रावत पर पहले भी आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सविता सिंह जाटव सहित बरोठा पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

**44 डिग्री की भीषण गर्मी में सड़क पर उतरी**

## मातृशक्ति, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ भरी हुंकार




**शाजापुर।** जिले को नशा मुक्त बनाने और युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बचाने के लिए मातृशक्ति ने अब सीधा मोर्चा खोल दिया है और 44 डिग्री की भीषण गर्मी, तेज धूप की परवाह किए बिना, भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के तत्वावधान में सैकड़ों महिलाओं ने शहर में एक विशाल रैली निकाली। सोमवार को मातृशक्ति ने रैली के बाद मुख्यमंत्री, कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक के नाम डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा को ज्ञापन सौंपा तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास खुलेआम बिक रहे नशीले पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से मातृशक्ति ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि शहर व आसपास के क्षेत्रों में स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और आवासीय बस्तियों के निकट तंबाकू, सिगरेट, शराब, गांजा, चरस और वाइटनर जैसे मादक पदार्थों की अवैध बिक्री तेजी से बढ़ रही है। इसका सीधा असर नाबालिग विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जिससे अपराध बढ़ रहे हैं और गरीब परिवार आर्थिक रूप से टूट रहे हैं। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि कोटपा एक्ट की धारा 6 के तहत शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के लाइसेंस रद्द किए जाएं।

## परिवहन विभाग की पीयूसी पर कार्रवाई, 21 वाहन के चालान बनाए




**देवास।** देवास में प्रदूषण फैलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सोमवार को विशेष अभियान चलाया। औद्योगिक क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई के दौरान बिना वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र (पीयूसी) और जरूरी दस्तावेजों के चल रहे वाहनों पर शिकंजा कसा गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में यह औचक जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कुल 74 वाहनों की पड़ताल की गई। अभियान में मुख्य रूप से मालवाहक वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा और प्रदूषण प्रमाण-पत्र की जांच की गई। अधिकारियों ने दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की। जांच के दौरान 21 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। इन वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 1 लाख 5 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी कि बिना वैध दस्तावेज और ढवउ प्रमाण-पत्र के वाहन सड़क पर न चलाएं। साथ ही ओवरलोडिंग और ओवर स्पीडिंग से बचने की चेतावनी भी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के साथ ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर हुआ तकनीकी क्विज और विशेष व्याख्यान

**आगर मालवा।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर-मालवा में कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान और तकनीकी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाना तथा तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करना रहा। तकनीकी क्विज प्रतियोगिता में तंजीला खान ने प्रथम, तैयब हुसैन ने द्वितीय तथा अक्षरा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी।

## फरक्या पोरवाल युवा संगठन अध्यक्ष मनोनीत



**आलोट।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के 24 वे स्थापना दिवस पर आज अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन आलोट द्वारा श्री गोवर्धन गोशाला आलोट में गायों को हरा चारा खिलाकर गौ सेवा का लाभ लिया इस अवसर पर युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र उदिया एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र काला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल गुप्ता एव प्रदेश सचिव विट्ठल मोदी की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष अविनाश पोरवाल द्वारा एडवोकेट मनीष फरक्या को पोरवाल युवा संगठन आलोट का नगर अध्यक्ष मनोनित किया गया इस अवसर पर पंकज चौधरी, सौरभ गुप्ता, दीपक कामरिया, पिंकेश पोरवाल, सौरभ मेहता, मयंक कोठारी, नितेश पोरवाल आशीष पोरवाल . मनोज भेसोटा . रवि पोरवाल.. हनी काला . आयुष सेठिया आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन युवा संगठन के प्रदेश सचिव विट्ठल मोदी एवं आभार रवि सेठिया एडवोकेट द्वारा व्यक्त किया गया ।

# रतलाम विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल का श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति द्वारा किया आत्मीय स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



गौशाला रोड स्थित श्री राम गोपाल मंदिर परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में रतलाम विकास प्राधिकरण के संपूर्ण संचालक मंडल का श्री सनातन धर्म सभा एवं महादेव रूद्र यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा अपनी ही संस्था के अनेक सदस्यों का इस संचालक मंडल में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आत्मीय अभिनंदन कर सम्मान किया गया।

प्रारम्भ में श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति अध्यक्ष अनिल झालानी ने अतिथियों का सनातन धर्म सभा की ओर से स्वागत की कडी में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्राधिकरण की गतिविधियों इसके पूर्व इतिहास इसकी उपलब्धियां तथा इसके गठन के संबंध में इसके उद्देश्य एवं भावना तथा पूर्व की विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए आशा व्यक्त की कि रतलाम के विकास की विभिन्न इकाइयों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करके एक सुंदर स्वच्छ एवं विकसित रतलाम की कल्पना को विकास प्राधिकरण का यह नया संचालक मंडल कामयाब करेगा यह संचालक मंडल जमीन से जुडा है आमजन से जुडा होकर के शहर के समस्त योजनाओं को सुचारू रूप से सम्पन्नकरेगा । रतलाम विकास प्राधिकरण व संस्था है जो शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास मास्टर प्लान के माध्यम से लागू कर आमजन को आवास तथा नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने को सेवा का लक्ष्य लेकर कार्य करता है । संचालक मंडल का युवा और ऊजार्वान नेतृत्व समन्वय से काम कर शहर के विकास की नई गाथा लिखेगा। नवीन संचालन मंडल के गठन से शहर के आम नागरिकों को में आशा और उम्मीद जगाई है। ट्रिपल इंजन सरकार में अब यह चौथा एक और इंजन जुड चुका है जिससे शहर के विकास को ओर गति मिलेगी । उक्त आशा एवं भावना उपस्थित अतिथियों से श्री झालानी ने आमजन की ओर से व्यक्त की ।

प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल शहर की भावी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग तो अपने आवास की समुचित व्यवस्था कर लेता है किंतु आवश्यकता इस बात की है कि सर्वहारा वर्ग के लिए कम लागत के अफॉर्डेबल हाउस बनाकर के उन्हें आशा प्रदान करना ही हमारी सच्ची सेवा होगी और विकास प्राधिकरण इस दिशा में कार्य करेगा। उपाध्यक्ष श्री प्रवीण सोनी ने भावुकता भरे संबोधन में कहां की इस आयोजन को अभिनंदन नहीं आशीर्वाद समारोह कहा जाना चाहिए क्योंकि जिन लोगों के द्वारा हमें अभिनंदन किया जा रहा है वास्तव में वह हमारे आशीर्वाद दाता तथा मार्गदर्शक हैं जिनके सामने हम ने राजनीति का क, ख, ग, सीखा है और उनसे समाज सेवा में कदम रखने का प्रशिक्षण लिया है उन सबको मैं आज यहां पर नमन करते हुए उनसे आशीर्वाद चाहते है कि हम आपके मार्गदर्शन से अच्छे कार्य कर सकें ।अपने संक्षिप्त सम्बोधन में उपाध्यक्ष गोविंद काकानी ने अपने राजनीतिक जीवन में और सामाजिक जीवन में सभी उपस्थित जनों का हर संभव सहयोग मिलते रहने पर आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की की जो ऊर्जा प्रेरणा हमें पूर्व में मिलती रही है वह आगे भी मिलती रहे ताकि हम शहर वासियों के सपनों को साकार कर सके और इस शहर के विकास की गति को आगे बढा सके। संचालक मण्डल के अन्य सदस्य राजेन्द्र सिंह गोयल, श्रीमती राखी व्यास, श्री धीरज व्यास, श्री राजेन्द्र मौर्य, श्रीमती किरण महावर का अंगवस्त्र/दुपट्टा ओडा कर तथा श्री शंकराचार्य जी की तस्वीर भेंट कर स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

## न्यूज कालम



## दीनदयाल वाटिका में पोरवाल समाज ने की जल मंदिर की स्थापना

**नीमच।** वर्तमान भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्धता हेतु अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन नीमच द्वारा ११ मई को स्थापना दिवस के अवसर पर जल मंदिर की स्थापना की गईद्य यह जल मंदिरदीनदयाल वाटिका, इंदिरा नगर में आम जनता के लिए स्थापित किया गया है । जो पोरवाल समाज की एक अनुकरणीय पहल है द्य इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा, एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में युवा संगठन द्वारा किए जा रहे कार्य प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि जिस समाज में युवा शक्ति सक्रिय रहती है, वह समाज निरंतर प्रगति करता है द्य इस तरह यह आमजन को राहत देने वाला प्रयास है।

## एमडी तस्करी मामले में आरोपी शाकिर गिरफ्तार

**मंदसौर।** थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडी की तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी शाकिर उर्फ चेला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इससे पहले 7 मई को मुख्य आरोपी इमरान पठान को 500 ग्राम एमडी और 500 ग्राम अफीम के साथ पकड़ा था। इमरान से पूछताछ के बाद पुलिस अब तक महावीर सिंह चौहान, सादिक गढवी और सलमान को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी कड़ी में मदारपुरा निवासी 61 वर्षीय शाकिर उर्फ चेला को गिरफ्तार किया गया है, जिस पर पूर्व से ही 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौर और उनकी टीम की इस सफल कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही। मामले में अनुसंधान जारी है।

## पत्रकार को सत्ता का प्रचारक न बनते हुए, सत्य के साथ खड़ा रहना चाहिए- डॉ. परमार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



पत्रकार का परम धर्म सत्य को उजागर करना, निष्पक्ष रहना और जनता के प्रति जवाबदेह होना है। पत्रकार को सत्ता का प्रचारक नहीं बनना चाहिए, बल्कि सच्चाई के साथ खड़ा होना चाहिए। गलत के खिलाफ आवाज उठाना और समाज को सचेत करना ही वास्तविक पत्रकारिता है, चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों।

उक्त बात देवर्षि नारद की जयंती पर मन्दसौर के मीडिया, साहित्य परिवार एवं विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित च्स्व-बोध - पत्रकारिता का नया मंत्र विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विद्या भारती मध्य क्षेत्र की पाठ्यपुस्तक निर्माण एवं देखरेख स्थायी समिति के सदस्य डॉ. बालाराम परमार ने कहे। उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल खबर लिखने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक, चिंतक, अध्येता, लेखक और कलमकार है। पत्रकार का उद्देश्य केवल घटना बताना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को सकारात्मक दिशा देना होना चाहिए। डॉ. परमार ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता को मशीनों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से सबसे बड़ा खतरा नहीं है, बल्कि अपने मूल चरित्र से दूर होने का खतरा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और एआई के इस दौर में स्व-बोध ही पत्रकार को मशीन से अलग पहचान देगा। मुख्य अतिथि पं. दशरथ शर्मा ने कहा कि नारद सत्य कहने में कभी नहीं चूकते थे। वे भगवान नारायण तक से सत्य कहने का साहस रखते थे। पत्रकारों को भी इसी निर्भीकता की आवश्यकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में नरेंद्र मेहता ने कहा कि पत्रकार यदि निष्पक्षता, संवेदनशीलता और लोकहित के साथ कार्य करे तो समाज में भरोसा बढ़ेगा।

## शहर के वार्ड 6 में नाली निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम आज

### 17.39 लाख की लागत से होगा दो नाली का निर्माण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में जारी विकास के तहत 13 मई बुधवार को प्रातः 10 बजे पीपली चौक नीमच सिटी के यहां वार्ड क्रमांक 6 में 17.39 लाख से होने वाले दो नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम रखा है!

उपरोक्त जानकारी देते हुए नपा के कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि उक्त भूमि पूजन कार्यक्रम सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदनाखंडेलवाल, भाजपा मंडलअध्यक्ष श्री दारा सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, लोक निर्माण सभापति श्री मनोहर मोटवानी, समस्त सभापतिगण एवं गणमान्य नागरिकों के विशेष आतिथ्य में आयोजित होगा।

श्री शर्मा ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में 8.68 लाख की लागत से यादवमंडी नीमचसिटी में आरसीसी नाली निर्माण तथा 8.71 लाख की लागत से सेन्ट्रल बैंक से ग्वाल मोहल्ला पीपली चौक तकबनने वाली आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जावेगा।श्री शर्मा ने समस्त सभापतिगण, समस्त पार्षदगण, पत्रकारगणो, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है!

## पार्षद विष्णुबाला कराड़ा की देह पंचतत्व में विलीन



**पिपलिया मंडी।** सेवानिवृत शिक्षक कन्हैयालाल कराड़ा की पत्नी व विधायक प्रतिनिधि लोकेश कराड़ा की माताजी पिपलिया नप पार्षद श्रीमती विष्णुबाला कराडा का ७५ वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ माह से अस्वस्थ थी। महावीरगंज स्थित निवास से निकली अंतिमयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक शामिल हुए। मुक्तिधाम पर आयोजित शोकसभा में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया, नप उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा, नप के पूर्व अध्यक्षगय चौथमल गुप्ता, राजेन्द्र भारद्वाज, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास, ब्लाक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, भाजयुमो प्रदेश सदस्य संदीपसिंह राठौड़, नेता प्रतिपक्ष सरफराज सेव, सीएमओ प्रवीण सेन, दिलीप गोयल, पंकज शर्मा, भूपेन्द्र महावर, मुकेश गुप्ता, बसंत शर्मा, अनिल बोराना, कमल परसिंधिया, प्रकाश बंसल, दिलीप चावडा, जितेन्द्र खिंदावत वीरेन्द्र राणावत, मनुदेव आर्य, नरेश जजवानी, राजेश पटवा, देवीलाल गुर्जर, अजय बोराना आदि ने विचार रखे। संचालन मुकेश निडर ने किया। पिपलियामंडी झ्र ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय सेंटर पर इस केन्द्र की नियमित साध्यायी बहिन विष्णुवाला कराड़ा के असमायिक निधन पर केन्द्र की ब्रह्माकुमारी लता दीदी द्वारा श्रीमती कराड़ा के कार्यव्यवहार की प्रशंसा की। तथा केन्द्र पर ब्रह्माकुमारी लता दीदी, हेमा दीदी एवं केन्द्र पर उपस्थित सभी भाई-बहनों ने श्रीमती कराड़ा की आत्म शांति हेतु सामूहिक योग किया एवं भावांजलि अर्पित की।

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में हुआ शोध पत्र प्रस्तुतीकरण

**मंदसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्टडी क्लब द्वारा शोध पत्र प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में क्रीड़ा विभाग के राजू कुमार ने च्द सोशल इम्पैक्ट ऑफ स्पोर्टज् विषय पर शोध प्रस्तुत करते हुए भारत और पश्चिमी देशों की खेल संस्कृति के अंतर को स्पष्ट किया। द्वितीय सत्र में भौतिक शास्त्र के डॉ. अशोक पाटीदार ने एस्ट्रोफिजिक्स एंड कोल्ड प्लाज्मा पर विचार रखे और तारों के निर्माण की प्रक्रिया को समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. दुबे ने संतुलित जीवन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. टी. के. झाला, संयोजिका डॉ. सीमा जैन और वर्षा सिंह राजपूत सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा।



## कृषि उपज मंडी में कांग्रेस के लगातार आंदोलनों ज्ञापन के बाद हुवा व्यवस्थाओं में सुधार

**पिपलीया मंडी।**स्थानीय कृषिउपज मंडी में किसान हित में व्यवस्थाओं में सुधारो को लेकर लगातार कांग्रेस द्वारा आंदोलनों ,ज्ञापनों के बाद मंडी में कुछ सुधार हुवा है।मंगलवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता बाबुखा मेवाती,ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल मूलासिया, बालाराम पाटीदार आदि ने मंडी सचिव जगदीशचंद्र भाबर से भेंट की उन्होंने बताया कि पिपलीया-मनासा मार्ग पर लहसुन से भरे वाहनों की लंबी लंबी कतारों से पहले जाम जैसी स्थितियां निर्मित होजाती थी।अब वाहनों को कृषिउपज मंडी के पीछे खड़ा किया जारहा है ताकि जाम नही लगे,साथ ही शेड में भी कुछ व्यापारियों ने कब्जा कर रखा था उसे भी लगभग हटा दिया गया गया,किसानों के लिए ठंडे पानी की भी व्यवस्था है।कांग्रेसनेता अनिल शर्मा एवं बाबुखा मेवाती ने बताया कि कांग्रेस लगातार इन मुद्दों को लेकर मंडी प्रशासन को घेरती आरही थी।नेताद्वय ने बताया कि अभी भी मंडी प्रागण में साफ सफाई नही है इसको भी जल्दी चुस्त दुरुस्त किया जाय साथ ही मंडी बालाजी के पास बने किसान विश्रांति गृह में भी नियमित साफ सफाई एवं भीषणतम गर्मी में ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए मंडी सचिव भाबर ने आश्वस्त किया कि कृषिउपज मंडी में छोटी छोटी कमियों को भी जल्दी दूर किया जाएगा।व्यापरिहितो का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## रेड क्रॉस समिति ने मनाया नर्सेज दिवस, किया सम्मान

**जावरा ।** रेड क्रॉस समिति पदाधिकारीयो ने अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर शासकीय चिकित्सालय में पदस्थ नर्सेस का स्वागत कर सम्मान किया । रेड क्रॉस समिति अध्यक्ष एसडीम सुनील जायसवाल के निर्देशन में अस्पताल प्रभारी डॉक्टर दीपक पालडिया डॉक्टर अतुल मंडवारिया एवं रेड क्रॉस समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिसोदिया की उपस्थिति में चिकित्सालय की स्टाफ नर्स का स्वागत कर सम्मान किया। इस मौके पर डॉक्टर पालडिया ने कहा कि चाहे हालात कितने भी विपरीत हो नर्स के द्वारा हमेशा सर्वश्रेष्ठ कार्य करने का प्रयास किया जाता है । चेयरमैन सिसोदिया ने कहा कि नर्स अपनी हर तकलीफ को भुलाकर मरीजों की तकलीफ दूर कर अपने जख्मों को छोड़ मरीजों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम करती है।


## कार्यालय नगर परिषद आलोट, जिला रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक-1419/2026 आलोट दिनांक 12.05.2026

### ई-निविदा सूचना

लोक सेवा केन्द्र आलोट की रंगाई पुताई एवं मरम्मत कार्य हेतु कार्य कार्यालय कलेक्टर (लोक सेवा प्रबंधन विभाग) रा प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार कार्य करवाये जाने हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा वेबसाईड tp://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र | टेण्टर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD _507026_1 | लोक सेवा केन्द्र आलोट की रंगाई पुताई एवं मरम्मत कार्य हेतु | 15 दिवस<br>1.78 लाख | 2000<br>3569 | 27/05/2026 |

01. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की आरंभ दिनांक : 12.05.2026 (सायः 05:30 बजे से)
02. निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक : 27.05.2025 (सायं 05:30 बजे तक)
03. निविदा ओपन करने की दिनांक : 29.05.2025 (दोप 12:30 बजे तक)

शर्तें–
1. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिये http://www.mptenders.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है।
2. निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा उसके लिये प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।
3. निविदा प्रस्तुत करने के पूर्ण समस्त शर्तो का कार्यालय में अवलोकन करने के उपरांत निविदा प्रस्तुत करें।
4. निविदा स्टीमेट में जीएसटी सहित दर्शाइ गई राशि से अधिक की निविदा स्वीकार्य नही होगी उक्त कार्य स्टीमेट में दर्शाये अनुसार राशि में ही करना होगा।

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | मुख्य नगर पालिका अधिकारी |
|---|---|---|
| नगर परिषद आलोट | नगर परिषद आलोट | नगर परिषद आलोट |


## मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव का मतदान सम्पन्न



**आलोट।** मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद का चुनाव निर्वाचन अधिकारी आलोट संदीप कुमार सोनी अति. जिला न्यायाधीश आलोट की उपस्थिति में तहसील न्यायालय आलोट के अभिभाषक संघ कक्ष में मतदान सम्पन्न हुआ जिसमें के आलोट अभिभाषक संघ के कुल 115 सदस्यों में से 98 अधिवक्तागणों ने मतदान में भाग लेकर मतदान किया। सदस्यों में सबसे सीनियर अभिभाषक मोहन लाल व्यास, रमाकांत जोशी, शिवनारायण सोलंकी सहित अन्य अधिवक्तागण ने मतदान किया। मतदान में सहयोग हेतु नायब नाजिर देशराज अहिरवार, सिविल रीडर आशीष नायक, किमनल रीडर सुरेन्द्र सिंह घुरैया, दिनेश जगनेरिया, गुलाबचंद्र गेहलोत की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान के समय आलोट अभिभाषक संघ अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी, सचिव तेजेन्द्र सिंह जादौर, उपाध्यक्ष बालूसिंह परिहार, सह सचिव राजेश मण्डवारिया, कोषाध्यक्ष मकबूल खान मुलतानी, श्रीमती नीलम सोलंकी, वर्षा कुमावत, प्रदीप भटनागर, के एल सगरवंशी, महेश कुमार गोयल, लुकमान खान, सईद खान, जाहिद खान, प्रहलादसिंह परिहार, प्रहलाद व्यास, अशोक वर्मा, अशोक भण्डारी, विमल जैन, मनीष फरक्या, कार्यकारिणी सदस्य अभिभाषक रितुराज भटनागर सहित अन्य अधिवक्तागण, पुलिस प्रशासन, मेडीकल टीम, नगर परिषद के कर्मचारी सहित उपस्थित थे।

## साइकिल से मंदिर जा रहे पुजारी की कार की टक्कर से मौत

**नीमच।** सोमवार सुबह 6 बजे बालाजी धाम स्थित निवास से साइकिल द्वारा गणेश मंदिर आ रहे पुजारी जी की कार की टक्कर से दुर्घटना में मौत हो गईद्य कार चालक ही घायल पुजारी जी को लेकर जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचा।जहां चिकित्सा कौन है जांच के पश्चात मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी अनुसार हमेशा की तरह सायकिल द्वारा अपने बालाजी धाम निवास से सायकिल द्वारा स्टेडियम के पास चौपड़ा गणेश मंदिर आ रहे मंदिर के पुजारी अंबिकाप्रसाद शर्मा उम्र 65 वर्ष को एक कार चालक ने उनके घर से कुछ ही दूर टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार चालक स्वयं अपनी कार में पुजारीजी को चिकित्सकों ने पुजारीजी को मृत घोषित कर दिया। बघाना पुलिस ने से मर्ग कायम कर शव का पोस्ट मार्टम कराया गया। पुलिस की आगे कार्यवाही जारी है।

## 141 किलो 300 ग्राम अवैध डोडाचूरा जप्त

नीमच। 11 मई को जिले मे मादक पदार्थ विरोधी अभियान जारी रखते हुए पुलिस थाना रतनगढ की टीम ने आरोपीगणों के कब्जे से 141 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा मय क्रेटा कार को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुआ जल संवाद कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों एवं प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियों के बीच जल संवाद कार्यक्रम भगत सिंह कॉलेज में आयोजित किया गया। स्वागत भाषण विकास खंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने दिए ।

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहां की जल संवाद जल चौपाल द्वारा जन भागीदारी द्वारा तैयार करना हे। पानी के प्रति लोगों की संवेदना जगाना हे। पानी ही हमारा जीवन हे जिसे हम सब को मिल कर बचाना हे।

धरती पर उपलब्ध जल में से मात्र ३प्रतिशत जल ही जीवों के उपयोग के लिए हे । उसमें से भी समुद्र ओर ग्लेशियर के रूप में हे । हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो इस लिए सभी को मिल कर जल गंगा संवर्धन अभियान में अपना सहयोग देना हे ।

गांव का पानी गांव में ओर खेत का पानी खेत में हमें अधिक से अधिक वर्षा जल को भूमि में कुएं में,ट्यूब वेल में उतरना होगा। जिससे आना वाला कल सुरक्षित हो सकता हे अन्यथा पानी की बूंद बूंद के लिए हम तरस जाएंगे ।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय, जिला समन्वयक रत्नेश विजय वर्गीय ने भी अपने विचार रखे ।

समाज सेवी अभय कोठारी , नवांकुर संस्था चित्रांश वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शिवेंद्र माथुर ,परामर्शदाता अंकित ठाकुर, सुनील जमडा,मोना जाधव, अंजनी नंदन उपाध्यक्ष, जगदीश उपमन्यु, वीरेंद्र सिंह सोलंकी, नवांकुर समितियों के पदाधिकारी, प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी एवं मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी, बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन अर्पित शिकारी ने किया एवं आभार शिवेंद्र माथुर द्वारा किया गया।

## श्रीमती राणावत जिला राजपूत समाज महिला इकाई की जिलाध्यक्ष निर्वाचित



**मंदसौर।** जिला राजपूत समाज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में श्रीमती इंदिरा कुंवर राणावत (डोराना) को सर्वसम्मति से निर्विरोध महिला जिलाध्यक्ष चुना गया है। बैठक में श्रीमती प्रमिला कुंवर देवड़ा ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन श्रीमती ज्योति कुंवर राठौर सहित उपस्थित सभी महिला सदस्यों ने किया। निर्वाचन के पश्चात श्रीमती देवेंद्र कुंवर सिसोदिया और पूर्व अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर भाटी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। समाज के जिलाध्यक्ष रूगनाथ सिंह राठौर काचरिया और सचिव भूपेंद्र सिंह राठौर ने इस मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए श्रीमती राणावत को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।



## अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन का स्थापना दिवस मनाया

**महिदपुर रोड।** अखिल भार तीय पोरवाल युवा संगठन के स्थापना दिवस पर नगर इकाई अध्यक्ष संदीप अनोखीलाल फरक्या के नेतृत्व में संगठन के पदाधिका रियों ने सोमवार को श्री कृष्ण गौशाला गोगापुर में गौसेवा की तथा पोरवाल समाज के शेष शायी विष्णु मंदिर में आराध्य देव राजा टोडरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर निरंतर समाज सेवा करने का संकल्प लिया । इस दौरान संदीप अनोखीलाल फरक्या, के अलावा जिला अध्यक्ष गौरव मांदलिया,सचिव रोमिल काम रिया, पलकेश कामरिया, उपाध्यक्ष अक्षय कामरिया, संरक्षक अनिल पोरवाल मिनावदा, नरेश सेठिया, आनंद फरक्या आदि मोजूद थे। जानकारी मीडिया प्रभारी श्रीकांत सेठिया ने दी।

## संसार में मेहमान बनकर रहे मालिक बनकर नहीं- आचार्य श्री विश्वरत्नजी



**महिदपुर रोड।** प पू आचार्य नवरत्न सागर सुरिश्वर जी म सा के शिष्य आचार्य विश्वरत्न सागर सुरिश्वर जी म साआदि ठाणा 5 का मंगल प्रवेश सोमवार को सुबह नगर में ढोल नगाड़े के साथ सकल जैन श्री संघ की उपस्थिति में गुरुदेव के जयकारों के साथ हुआ। मंदिर में गुरुदेव के मुखारविंद से सामूहिक चैत्य वंदन हुआ तपस्या तत्पश्चात आचार्य श्री के प्रवचन हुए धर्म सभा को संबोधित करते हुए जैन संत ने कहा हम संसार में मेहमान बनकर रहे मालि क बनकर नहीं मेह मान बनकर रहेंगे तो हम तर जायेगे और मालिक बनकर रहेंगे तो डूब जायेगे। कितने ही राजाओं महाराजाओं को सल्तनत व संपत्ति को छोड़कर उन्हें जाना पड़ा क्योंकि व्यक्ति जीवन में खाली हाथ आया है और उसे खाली हाथ ही जाना है प्रबल पुण्योदय के योग से हमें उत्तम जाति उत्तम कुल उत्तम धर्म एवं महावीर का शासन प्राप्त हुआ है साधार्मिक भक्ति का लाभ समरथ मल शुभम, संकेश कुमार चौरडिया परिवार द्वारा लिया गया आचार्य श्री के नगर प्रवेश के अवसर पर विधायक दिनेश जैन बौस, जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चौरडिया, सकल जैन श्री संघ, नवयुवक महिला बहू तरुण बालिका परिषद आदि ने उपस्थित होकर उनकी अगवानी की पूज्य आचार्य श्री का विहार संध्या को रूपेटा,नागदा खाचरौद की और हो गया उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का नगर परिषद ने किया सम्मान



**सुसनेर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता फीडबैक अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं का सम्मान किया गया। कार्यालय नगर परिषद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओपी नागर ने लोकेश भट्ट एवं आदित्य त्रिवेदी को प्रोत्साहन राशि भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नागरिकों की सहभागिता एवं जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। युवाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों से नगर को बेहतर रैंकिंग दिलाने में मदद मिलेगी। वहीं सीएमओ ओपी नागर ने भी दोनों युवाओं के कार्यों की सराहना करते हुए स्वच्छता अभियान में लगातार सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम में पवन शर्मा, जुगल किशोर परमार, उमर शेख, जमील उर रहमान, हितेश जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्वाल संत गोपालानंद सरस्वती ने किया गौ संरक्षण का आह्वान



**सुसनेर।** स्थानीय रेस्ट हाउस पर सालरिया गो अभ्यारण के एक वर्ष के गोकथा प्रवक्ता ग्वाल संत गोपालानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतवर्ष में चल रहे अभियान के द्वितीय चरण की विस्तृत जानकारी देते हुए समाजजनों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। महाराज ने बताया कि 27 जुलाई 2026 को जिलेभर में हस्ताक्षर अभियान चलाकर प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे। जिला स्तर पर 15 हजार हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है, वहीं सुसनेर तहसील से 3 हजार हस्ताक्षर जुटाने का संकल्प लिया गया है। बैठक में उपस्थित गौभक्तों एवं समाजजनों ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिकाधिक लोगों को जोड़ने का निर्णय लिया। इस दौरान गौ संरक्षण, संवर्धन एवं गौ सम्मान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

# नलखेड़ा रोड पर रोज बनती है जाम की स्थिति

### बार बार जाम से राहगीर और रहवासी हो रहे परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़

नगर के मध्य से विश्व प्रसिद्ध मंदिर मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा जाने का मुख्य मार्ग नगर के बीच से निकला है जिस पर यातायात दबाव दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। उक्त मार्ग मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा शाजापुर से नलखेड़ा तक टू लाइन बनाया गया है मार्ग टू लाइन होने से इस मार्ग पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया जिसमें कानड़ नगर के मध्य से निकले मार्ग पर नेताजी सुभाष स्कूल के यहां से राजवाड़ा मोहल्ले तक मार्ग इतना सकरा है कि दो बड़े वाहनो तो दूर दो छोटी-छोटी गाड़ियां भी एक साथ नहीं निकल सकती है।



बोरखेड़ी जोड़ के यहां दो घुमावदार मोड़ है उसे पर बड़ी गाड़िया, ट्राले,कंटेनर आदि घूम नहीं पाते हैं इस कारण आए दिन जाम लग जाता है जिसके चलते कई बार जाम लगने से विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है साथ ही जाम से राहगीर और रहवासी सभी को परेशानी उठाना पड़ रही है। कई बार तो हालत ये होजाती है कि बड़े वाहन चालक की गाड़ियां आसपास बने मकानों से टकरा जाती है इससे कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है जाम कुछ देर के लिए नहीं बल्कि घंटो जाम में गाड़ियां फंसी रहती है जिसके कारण गाड़ीयो में सवार यात्री तो परेशान होते ही है साथ ही आसपास के रहवासी भी परेशानी का सामना करते हैं ।ऐसी ही स्थिति रविवार को बरखेड़ी जोड़ पर देखने को मिली जहां तकरीबन दो घंटे तक लंबा जाम लगा रहा।

गत दिनों दोपहर में यह आलम था कि बोरखेड़ी जोड़ से नेताजी स्कूल तक वाहनों की लंबी कतारे और राजवाड़ा चौराहा से बोरखेड़ी जोड़ तक वाहनों की लंबी कतारे लगी हुई थी। बरखेड़ी जोड़ पर एक ट्राले और बस के आमने सामने आ जाने की वजह से 2 घंटे तक जाम लगा रहा और पूरी तरह मार्ग बंद रहा और जाम की स्थिति इस तरह निर्मित हुई की पैदल चलने वाले भी उक्त मार्ग पार नहीं कर पा रहे थे स्थिति को देख स्थानीय लोगों ने व्यवस्था को संभालते हुए वाहनों को सही कतार में ला कर तथा कुछ वाहन चालकों को समझाते हुए पिछे वाहन ले कर 2 घंटे घंटे में जैसे तैसे मार्ग चालू करवाया गया तब जाकर रहवासियों ने चैन की सांस ली।नलखेड़ा की ओर जाने के लिए नगर से निकलने वाला एकमात्र रास्ता है लेकिन इस मार्ग पर आए दिन जाम कि स्थिति बनी रहती है

### देश भर से आते है मां बगलामुखी के दर्शन करने श्रद्धालु

नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां बगलामुखी मंदिर में बढ़ती भक्तों की आस्था और आने वाले दर्शनार्थियों की बढ़ती संख्या से नलखेड़ा रोड पर यातायात दबाव निरंतर बढ़ता जा रहा है ।सारंगपुर दरवाजा बोरखेड़ी रोड़ तक सड़क सकरी होने व साथ ही दो मोड होने की वजह से आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जिससे निजात पाने के लिए निवासियों ने उक्त मार्ग को बाईपास से निकलने की मांग की है ।

## प्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना की कलस्टर स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयजोन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

प्रदेश जल नि गम मर्यादित परि योजना उज्जैन के इंदौख समूह जल प्रदाय योजना प्रसार एवं क्षमता वर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत सगवाली में क्लस्टर स्तरीय उन्मुखीकरण कार्य शाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ दातार सिंह राठौर सहायक सचिव ग्राम पंचायत सगवाली ने किया।

कार्यशाला आयोजन के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच भूपेंद्र सिंह राठौर ग्राम पंचायत बनी के सरपंच राम ठाकुर एवं सरपंच भेरूलाल सरपंच शंभु लाल, सर पंच, तथा प्रधान शिक्षक जगदीश राठौर उज्जैन कैलाश सागर जन सहभागिता प्रबंधक, एसक्यूसी प्रबंधक पीयूष बलदेवा रहे।




जनपद पंचायत महिदपुर सरपंच, सचिव महिला एवं बाल वि कास विभाग से आंगनवाड़ी कार्य कर्ता, हेल्थ विभाग से आशा कार्य कर्ता आदि ने सरस्वती पूजन किया। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों जनप्रतिनिधियों का स्वागत अपना परिचय देते हुए नल जल योजना का महत्व पर चर्चा की गई सचिन मंडलोई परियोजना प्रबंधक कृषक सेवा संस्थान ने नल जल योजना महत्व व उद्देश्य एवं योजना के अंतर्गत गतिविधियों की समस्त जानकारी दी कैलाश सागर द्वारा ओ एच टी एग्रीमेंट, वॉल्व मेन की भूमिका, टंकी के ग्रेविटी से पानी सप्लाई प्रोसेस व समि तियों के कार्य एवं, हर घर जल पर चर्चा की! परियोजना प्रबंधक धीरेंद्र शर्मा ने जल जीवन मिशन से शुद्ध पेयजल के लाभ एवं गंदे पानी के नुकसान एवं जल जीवन मिशन के गठन एवं विस्तार पर चर्चा की कृषक सेवा संस्थान के कम्युनिटी मोबिलाइजर अर्जुन सिंह सिसोदिया व विजय पाल सिंह द्वारा जल जीवन मिशन की गतिविधियों को विस्तार से सम झाया कन्हैया लाल वर्मा ने पंचायत दर्पण से लेकर भुगतान प्रक्रिया एवं अंशदान ,जलकर पर अति थियों को जानकारी दी! संस्था के परियोजना प्रबंधक सचिन मंडलोई ने सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया! कार्यक्रम में कृषक सेवा संस्थान के विनोद चंद्रवंशी, रामेश्वर कृष्ण पाल सहित टीम की सक्रिय उपस्थित रही।

## मेट्रो ट्रेन को देवास तक चलाने की योजना बनती तो आज नुकसान नहीं उठाना पड़ता

**देवास।** आज इंदौर में संचालित मेट्रो ट्रेन चलाने पर रोजाना 8 लाख खर्च हो रहे है ट्रेन को रोजाना सो यात्री भी नहीं मिल रहे हैं । नुकसान की भरपाई करने को लेकर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने निर्णय लिया है कि अब चलती ट्रेन में पार्टी एवं अन्य आयोजनों के लिए किराए दिया जाएगा। कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने बताया कि इस संदर्भ में हमने शुरू से ही मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन से मांग की थी के मेट्रो ट्रेन को लाभ का धंधा बनाने के लिए इंदौर देवास पीथमपुर महू जोड़कर ए बी रोड साइड संचालन किया जाए जिससे मेट्रो ट्रेन को लाभ का धंधा बनाया जा सके। आज देवास शहर से रोजाना 10 से 12000 हजार यात्री इंदौर आना जाना करते हैं वही इंदौर महू पीथमपुर से अलग। अब यात्रियों की संख्या कम होने से मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन ने फैसला लिया है कि मेट्रो ट्रेन में लोग अब बर्थडे ,वेडिंग एनिवर्सरी ,प्री वेडिंग शूट फिल्म शूट जैसे आयोजन भी कर सकेंगे इसके लिए दो ऑप्शन दिए गए हैं चलती ट्रेन में आयोजन करना हो तो 1 घंटे के 7000 हजार रूपए खड़ी ट्रेन में केक काटना हो तो 5000 रुपए निर्धारित किए हैं मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने सेलिब्रेशन ऑल व्हील्स नाम से कमाई की दूसरी जुगाड़ शुरू की है ।कांग्रेस नेता शर्मा ने कहा कि शुरू से ही मांग की जा रही थी कि मेट्रो ट्रेन को लाभ का धंधा बनाने के लिए इंदौर के उप नगरों को इस से जोड़ा जाना अत्यंत जरूरी है यह बड़ी हास्यास्पद बात हुई है कि आज मेट्रो ट्रेन को सेलिब्रेशन के लिए किराए से देना पड़ रहा है कांग्रेस की मांग है कि अभी भी समय है मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन देवास महू पीथमपुर जोड़कर इसका संचालन करेगा तो निश्चित रूप से मेट्रो ट्रेन लाभ का धंधा साबित होगी।

## वट सावित्री व्रत 16 मई को, सुहागिन महिलाएं करेंगी वट वृक्ष की पूजा

**सुसनेर।** नगर सहित क्षेत्रभर में सुहागिन महिलाओं द्वारा अखंड सौभाग्य एवं पति की दीघार्यु की कामना को लेकर वट सावित्री व्रत शनिवार 16 मई को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करेंगी तथा परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत का विशेष महत्व है। महिलाएं सुबह स्नान कर पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष के नीचे एकत्रित होंगी, जहां विधि-विधान से पूजा कर वृक्ष पर धागा बांधेंगी और व्रत कथा का श्रवण करेंगी। नगर के मंदिरों एवं वट वृक्ष स्थलों पर विशेष तैयारियां शुरू हो गई हैं। पंडितों के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या पर आने वाला यह व्रत दांपत्य जीवन में सुख, समृद्धि और दीघार्यु का प्रतीक माना जाता है। वहीं बाजारों में पूजा सामग्री, फल-फूल एवं श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर भी रौनक बढ़ने लगी है।

# एटीएम बदलकर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार, 8 लाख 11 हजार 4 सौ रु. का माल जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों एवं धोखाधड़ी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ एवं ब्यावरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुठालिया मऊ, ब्यावरा देहात तथा नरसिंहगढ़ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने एटीएम बदलकर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। फरियादी सोनू पिता जमनालाल वाल्मीकि वार्ड क्र. 04 सुठालिया ने थाना सुठालिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर करीब 02 बजे एसबीआई एटीएम अज्ञात व्यक्तियों ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 47 हजार रु. निकाल लिए गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सुठालिया-मऊ में अपराध क्रमांक 168/2026 धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वही फरियादी अंकित दांगी पिता रंगलाल दांगी निवासी पगारा ने थाना ब्यावरा देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मुल्तानपुरा स्थित बैंक ऑफ इंडिया एटीएम में रुपए निकालने गया था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने बातचीत में उलझाकर उसका ध्यान भटका दिया तथा उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। बाद में आरोपी ने फरियादी के खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर कुल 50 हजार रु की राशि धोखाधड़ी कर निकाल ली। इस संबंध में थाना ब्यावरा देहात में अपराध क्रमांक 259/2026 धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार फरियादी राजकुमार सिंह परमार निवासी सूरजपोल नरसिंहगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एसबीआई एटीएम रामकुंड के पास पैसे निकालने गया था। इसी दौरान एक युवक ने मशीन खराब होने का बहाना बनाकर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। बाद में खाते की जांच करने पर ज्ञात हुआ कि आरोपी द्वारा खाते से 31 हजार 400 रु की राशि धोखाधड़ी कर निकाल ली। इस संबंध में थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 230/2026 धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थलों एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। जांच के दौरान आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ एक मारुति कार में आते-जाते दिखाई दिए। पुलिस ने लगभग 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी डेटा एवं अन्य साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया। लगातार प्रयासों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने सुठालिया, नरसिंहगढ़ एवं ब्यावरा देहात क्षेत्र में एटीएम बदलकर धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे।



थाना सुठालिया मऊ प्रकरण में 40 हजार रु नगद, एक मारुति कार क्रमांक एमपी 50 जेडजे 8461 कीमत लगभग 7 लाख रु., थाना नरसिंहगढ़ के प्रकरण 31,400/-रु नगद, थाना ब्यावरा देहात प्रकरण में 40 हजार रु नगद, इस प्रकार कुल 8 लाख 11 हजार 400 रु का माल जप्त कर आरोपी चंदू उर्फ चंद्रेश यादव पिता लक्ष्मण प्रसाद यादव 30 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 11 संजय कॉलोनी छपारा, थाना छपारा जिला सिवनी, मोहम्मद अजहर उर्फ अज्जू पिता शेख इजराईल कुरैशी 25 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 11 संजय कॉलोनी छपारा, थाना छपारा जिला सिवनी को गिरफ्तार किया वही अन्य आरोपी शाहरूख खान, नौशाद खान, बब्बूज खान सभी आगरा (उ.प्र.) फरार हो गए। यह गिरोह दिनदहाड़े विभिन्न बैंक एटीएम में प्रवेश कर भोले-भाले उपभोक्ताओं को बातचीत में उलझाकर उनका ध्यान भटकाता था। आरोपी सहायता करने का झांसा देकर एटीएम कार्ड बदल लेते थे तथा बाद में खातों से धोखाधड़ी करके राशि निकाल लेते थे। गिरोह विशेष रूप से ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाता था जो एटीएम संचालन में कम जानकारी रखते थे। आरोपी मोहम्मद अजहर उर्फ अज्जू कुरैशी के विरुद्ध पूर्व में थाना छपारा जिला सिवनी में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध है।

## दावरे अ.भा.वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**महिदपुर।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के संस्थापक व राष्ट्रीय महासचिव चैधरी सुरेन्द्र कुमार लोहट एवं राष्ट्रीय महासचिव मध्यप्रदेश प्रभारी राहुल निन्धाने की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष नवीन पारछे ने सुरेश दावरे को अ.भा.वाल्मीकि महापंचायत का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति पर विधायक दिनेश जैन बोस मित्र मण्डल एवं वाल्मीकि पंचायत अध्यक्ष श्रीकृष्ण गोनू दावरे, कुलदीप दावरे, रितिक दावरे, अभय दावरे, विनोद दावरे आदि समाजजनों ने सुरेश दावरे का स्वागत करते हुए उन्हे बधाई दी।



## भवानी वर्मा बने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष

**सुसनेर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मध्यप्रदेश द्वारा जिला अध्यक्षों की नियुक्ति सूची जारी की गई है। प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से आगर मालवा जिले के लिए सुसनेर निवासी डॉक्टर भवानी शंकर वर्मा को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। कार्यकताओं ने भवानी शंकर वर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा अनुसूचित जाति वर्ग के बीच पार्टी की नीतियों और योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार होगा। भवानी शंकर वर्मा की नियुक्ति पर स्थानीय भाजपा नेताओं, कार्यकताओं एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।



## भारतीय मजदूर संघ एवं आशा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न



**ब्यावरा।** स्थानीय मां वैष्णो देवी मंदिर परिसर में भारतीय मजदूर संघ जिला पदाधिकरियों एवं आशा कार्यकताओं की बैठक रखी गई सर्वप्रथम सभी ने मां वैष्णो देवी को प्रणाम किया इसके बाद बैठक प्रारंभ की गई बैठक में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा संघ की रीति नीति से सभी आशा कार्यकर्ता बहनों को अवगत कराया गया एवं उन्हें संघ के साथ जुड़कर कार्य करने के लिए आमंत्रित किया गया सभी बहनों ने भारतीय मजदूर संघ की नीति की सराहना की एवं विश्वास जताते हुए संगठन से जुड़ने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की संगठन के पदाधिकारी द्वारा संगठन से जुड़ने के लिए सभी बहनों को शुभकामनाएं दी पदधिकारियों द्वारा संगठन की ओर से हर सहयोग देने का आश्वासन दिया गया, श्रीमती अनीता महावर तहसील उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ द्वारा सभी बहनों को अंग वस्त्र पहनाकर भारतीय मजदूर संघ की सदस्यता दिलाई गई इसके बाद आशा कार्यकर्ता संघ ब्यावरा तहसील इकाई का गठन किया गया। जिसमें श्रीमती पिंकी सोनी अध्यक्ष ,श्रीमती रीना शर्मा उपाध्यक्ष ,श्रीमती चिंतामणि यादव उपाध्यक्ष, श्रीमती प्रफुल्ल सोंधिया महामंत्री, श्रीमती तन्वी गोरी संयुक्त मंत्री ,श्रीमती ज्योति शिवहरे कोषाध्यक्ष, श्रीमती रेखा शर्मा मंत्री, श्रीमती नंद सोलंकी कार्यालय सहायक ,श्रीमती निर्मला मीणा संगठन मंत्री, के पदों पर सर्वसम्मति से नियुक्ति प्रदान की गई संगठन की ओर से सभी को शुभकामना प्रेषित की गई ।कार्यक्रम के अंत में संजय शेखर शर्मा को राजगढ़ जिले में रेडक्रॉस सोसाइटी के उत्कृष्ट कार्यो के लिए राज्यपाल मध्य प्रदेश द्वारा भोपाल मे सम्मानित किए जाने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारी द्वारा उनका फूल माला से स्वागत किया गया।

## 21 वर्षों से फरार चल रही हत्या के प्रकरण की स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ़ पुलिस ने फरार आरोपियों, स्थाई वारंटियों एवं गंभीर अपराधों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस ने हत्या जैसे गंभीर अपराध में पिछले 21 वर्षों से फरार चल रही स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। उक्त वारंटी न्यायिक मजिस्ट्रेट नरसिंहगढ़ के प्रकरण क्रमांक 123/2005 धारा 302, 34 भादवि में लंबे समय से फरार थी। जानकारी अनुसार आरोपिया ताराबाई बेवा भोनी सासी निवासी कड़िया सासी घटना के बाद से लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस से बचती रही। उसकी गिरफ्तारी हेतु पूर्व में कई बार प्रयास किए गए, किन्तु वह पुलिस की पकड़ से दूर रही। थाना प्रभारी बोडा ने विशेष टीम गठित कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सूचना प्राप्त हुई कि स्थाई वारंटी ग्राम कड़िया सासी में छिपी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी एवं आरोपिया को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



# पिंपल्स से छुटकारा पाने के लिए परफैक्ट हैं ये प्रोडक्ट्स

## चेहरे के दागधब्बे और पिंपल्स से परमानैंट छुटकारा के लिए कौन सा प्रोडक्ट खरीदें कौन सा नहीं...

**हौट वैदर और स्वैटिंग पिंपल्स की प्रौब्लम को और बड़ा देते हैं. टीनएज से ले कर युवा होने तक कभी न कभी हम सभी का सामना इस समस्या से होता है. इसलिए हरकोई महसूस कर सकता है कि इन के होने पर चेहरा इस तरह खराब हो जाता है कि कहीं आनेजाने का मन नहीं करता. महिलाएं परेशान हो कर इन्हें सही करने के लिए न सिर्फ घरेलू नुसखे अपनाती हैं बल्कि बारबार फेस वाश करती रहती हैं. अगर आप चेहरे पर भी मुंहासे या ऐक्ने हो रहे हैं तो घबराएं नहीं और खुद से इलाज करने के बजाए डाक्टर को दिखाएं या फिर बाजार में मिलने वाले कुछ प्रोडक्ट्स ट्राई करें.**



### ऐक्नेस्टार जैल

ऐक्नेस्टार जैल एक स्पौट ट्रीटमैंट जैल है जिसे आप कोमुंहासों वाली जगह पर ही लगाना होता है। यह जैल क्लिंडामाइसिन और निकोटिनामाइड के साथ त्वचा पर काम करता है ताकि संक्रमण और सूजन को कम किया जा सके। इस का उपयोग हमेशा डाक्टर से बात करने के बाद ही करें। इसे ज्यादा लगाने से त्वचा में जलन या ऐलर्जी हो सकती है। एक पतली परत लगाना काफी होता है, जिस से दवा अपनी क्षमता के अनुसार असर करे। ऐक्नेस्टार जैल को आंखों, नाक या मुंह के अंदर लगाने से बचना चाहिए क्योंकि इस से जलन और असुविधा हो सकती है। अगर गलती से ऐक्नेस्टार जैल इन हिस्सों में लग जाए तो तुरंत पानी से धो लें।

उपचार के दौरान ऐक्नेस्टार जैल को नियमित रूप से और समय पर लगाना जरूरी है। अनियमित उपयोग से फायदे कम होंगे और दवा का असर धीमा पड़ सकता है। डाक्टर द्वारा बताए गए समय तक इलाज जरूर पूरा करें। ऐक्नेस्टार जैल लगाने के बाद त्वचा बहुत संवेदनशील हो जाती है। इसलिए सीधे सूरज की रोशनी से बचें और बाहर जाने पर सनस्क्रीन का उपयोग करें। कई बार महिलाएं एक से ज्यादा स्किन केयर उत्पाद एकसाथ इस्तेमाल करती हैं। ऐक्नेस्टार जैल के साथ ऐसे उत्पादों का उपयोग करने से पहले डाक्टर से सलाह लें क्योंकि कुछ उत्पादों से त्वचा पर अतिरिक्त जलन या प्रतिक्रिया हो सकती है।

### पिंपल पैच

ये छोटे स्टिकर जैसे होते हैं जिन्हें आप रातभर पिंपल्स पर लगा सकती हैं। ये पिंपल्स के अंदर की गंदगी को खींच लेते हैं और उन्हें जल्दी सुखा देते हैं। ये पैच पिंपल्स को बाहरी संक्रमण से भी बचाते हैं। यह ऐक्टिव ऐक्ने की समस्या के लिए बहुत प्रभावी है।

### हिमालया डार्क स्पौट क्लीनिंग

पिंपल्स और डार्क स्पौट्स के लिए इस्तेमाल की गई ये लेटैस्ट रेंज है जिस में ऐक्सफौलिएटिंग स्क्रब, फेस मास्क, मौस्चराइजिंग क्रीम और सीरम है। हलदी के गुणों के साथ आधुनिक डमैटोलौजिकल इन्ग्रीडिऐंट्स जैसे नियासिनामाइड और ग्लाइकोलिक ऐसिड का मिश्रण पिंपल्स और उन के जिद्दी दागों पर बहुत गहराई से काम करता है और मुलैठी की मदद से दागों को हलका करने में प्रभावी है। इस पूरी रेंज में कोल्ड प्रैस्ड हलदी ऐक्सट्रैक्ट्स के साथ मुलैठी ऐक्स्ट्रैक्ट, नियासिनामाइड, ग्लाइकोलिक ऐसिड मौजूद है।

सिर्फ 2 हफ्ते के इस्तेमाल से ही फर्क नजर आने लगता है। इस रेंज में मौजूद सभी प्रोडक्ट्स की मदद से आप अपना कंप्लीट स्किनकेयर रूटीन तैयार कर सकती हैं। इस रेंज में ग्लाइकोलिक ऐसिड मौजूद है इसलिए दिन के समय सनस्क्रीन का उपयोग करना अनिवार्य है क्योंकि यह आप की त्वचा को सूरज की किरणों के प्रति संवेदनशील बना सकता है।

### वैजिटल ऐक्नोक्लिन आरएस जैल फेस वौश

बाजार में आप को ऐसे की फेस वाश मिल जाएंगे जिन में सैलिसिलिक और ग्लाइकोलिक ऐसिड मौजूद हैं। ये दोनों ही एक तरह से कैमिकल ऐक्सफौलिएंट्स हैं जो डैड स्किन को हटा कर क्लाग्ड पोर्स को साफ करते हैं। इस तरह ऐक्ने और ब्लौमिशेज से भरा स्किन का हिस्सा हट जाता है। इस के अलावा भी इस में कई अच्छे इनग्रीडिऐंट्स मौजूद हैं जैसे कोएंजाइम क्यू 10 एक ऐसा इनग्रीडिऐंट जिस में हैं ऐंटीऔक्सीडैंट प्रौपर्टीज। यह कोरियन और जापानी ब्यूटी प्रोडक्ट्स में भी काफी पौपुलर है और फिलहाल इंडिया में काफी नया है। यह स्किन सैल्स की क्वालिटी मैंटेन करने में मदद करता है और उन्हें डैमेज से भी बचाता है।

इस के अलावा इस में ऐलोवेरा भी है जो स्किन को ठंडक और आराम देता है। ये सभी चीजें मिल कर सिर्फ पिंपल्स को ठीक नहीं करतीं बल्कि स्किन की रिपेयर भी करती हैं और आगे डैमेज होने से भी बचाती हैं।

### ब्लिस फेस वाश

ब्लिस फेस वाश में ग्लूकोनोलैक्टोन होता है जो एकदम क्लियर स्किन के लिए चेहरे की डीप क्लीनिंग करता है। ग्लूकोनोलैक्टोन एक अल्डोनाइक ऐसिड होता है, जिसे पौलीहाइड्रौक्सी ऐसिड कहा जाता है जो हार्मेट गुण प्रदर्शित करता है। यह एक ऐंटीऑक्सीडैंट है जो त्वचा की नमी को बनाए रखता है।

**Glowing Face**

# फेस मास्क से पाएं रैडिएंट स्किन



**हफ्ते में 2-3 बार ही फेस मास्क लगाएं। स्किन टाइप के अनुसार ही मास्क चुनें तभी लौंगलास्टिंग रिजल्ट मिलेगा। यह न सोचें कि ज्यादा देर तक लगाए रखने से बेहतर रिजल्ट मिलेगा। पैक पर लिखे समय के बाद मास्क रिमूव कर दें। स्किन सैंसिटिव है तो पहले पैच टैस्ट कर लें।**

आजकल हर बड़े शहर में एक्यूआई 200 के ऊपर ही रहता है और डस्ट तो हवा में ऐसे घुलमिल चुकी है कि मानो उसी का हिस्सा हो। समर सीजन में यह पौल्यूशन और डस्ट चेहरे के ग्लो को फीका कर देती है। लेकिन इन सब के बावजूद काम पर तो जाना ही है। तो फिर चेहरे के ग्लो को कैसे बनाए रखा जाए। अब पार्लर जाने का समय हर किसी के पास नहीं होता तो क्या मार्केट में मिलने वाले फेस मास्क आप की स्किन के लिए आसान और असरदार विकल्प बन सकते हैं, आइए, जानते हैं:

### फेस मास्क क्यों जरूरी

फेस मास्क स्किन को गहराई से साफ करता है और इस के नियमित इस्तेमाल से डैड स्किन हटती है। कुछ फेस मास्क टैनिंग और सनबर्न की समस्या में भी कारगर साबित होते हैं। ड्राई स्किन की समस्या हो या पिगमैंटेशन यह दोनों को कम करता है। रैडीमेड फेस मास्क लगाना और हटाना दोनों ही आसान हैं।

### स्किनकेयर की आदत डाल लें

गरमी का मौसम अपने साथ तेज धूप, पसीना और त्वचा से जुड़ीं कई चुनौतियां ले कर आता है. ऐसे में जहां कुछ महिलाएं राहत के आसान तरीके ढूंढ़ती हैं, वहीं ज्यादातर अपनी स्किन को स्वस्थ और फ्रैश बनाए रखने के लिए खास रूटीन अपनाती हैं.

सही हाइड्रेशन, सन प्रोटैक्शन और नियमित स्किनकेयर आदतें न सिर्फ त्वचा को सुरक्षित रखती हैं बल्कि पूरा दिन तरोताजा महसूस करने में भी मदद करती हैं. यदि आप किसी ऐसे प्रोफैशन में हैं जहां आप को लंबे समय तक बाहर रहना या फिर तेज लाइट्स में काम करना है तो स्किन को फ्रैश और नैचुरल बनाए रखने के लिए थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी होगी और इस के लिए कुछ खास टिप्स : प्रौपर हाइड्रेशन अरेंज करने के बाद ही घर से निकलें. सिर्फ पानी की बोतल कैरी करने से बात नहीं बनेगी क्योंकि पानी प्यास तो बुझा देगा लेकिन पसीने के साथ जो मिनरल्स बौडी से बाहर निकल जाते हैं उन का क्या. अतः एक बोतल इलैक्ट्रोलाइट्स मिक्स वाटर की भी कैरी करें।

# Sport

## अय्यर के पचासे के बावजूद पंजाब की लगातार चौथी हार

# धर्मशाला में दिल्ली की उम्मीदें कायम



**एजेंसी ▸▸ धर्मशाला**

कप्तान अक्षर पटेल और डेविड मिलर के अर्धशतकों से दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल में सोमवार को खराब शुरूआत से उबरकर पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से दिल्ली ने नॉकआउट क्वालीफाई करने की अपनी मामूली उम्मीदें बरकरार रखीं।

पंजाब के 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 33 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद अक्षर (56 रन) और डेविड मिलर (51 रन) के बीच पांचवें विकेट की 64 रन की साझेदारी से 19 ओवर में सात विकेट पर 216 रन बनाकर जीत दर्ज की।

इस जीत से दिल्ली 12 मैच में पांच जीत से 10 अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई। दूसरी ओर पंजाब की टीम लगातार चौथी हार के बाद 11 मैच में 13 अंक के साथ चौथे स्थान पर कायम है। अक्षर और मिलर के पवेलियन लौटने के बाद आशुतोष शर्मा (10 गेंद में 24 रन) और माधव तिवारी (आठ गेंद में नाबाद 18) ने आतिशी बल्लेबाजी से टीम को जीत दिलाई। आकिब नबी ने दो गेंद में नाबाद 10 रन बनाए।

इससे पहले पंजाब ने कप्तान श्रेयस अय्यर (36 गेंद, नाबाद 59 रन) और प्रियांश (33 गेंद, 56 रन) के अर्धशतक से पांच विकेट पर 210 रन बनाए। अय्यर ने कूपर कोनोली (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की जबकि प्रियांश ने भी प्रभसिमरन सिंह (18) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को तेज शुरूआत दिलाई। दिल्ली की ओर से माधव तिवारी और मिचेल स्टार्क ने दो-दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरूआत खराब रही। टीम ने तीसरे ओवर में 14 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों लोकेश राहुल (09) और अभिषेक पोरेल (05) के विकेट गंवा दिया। साहिल पारख को अर्शदीप की गेंद पर युज्वेंद्रा चाहल ने लौटाया। दिल्ली ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 47 रन बनाए।

इसके बाद अक्षर और ट्रिस्टन स्टब्स ने पारी आगे बढ़ाई। स्टब्स नौ रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब बेन ड्वार्शियस की गेंद पर अर्शदीप ने उनका कैच टपका दिया। अक्षर ने इसी ओवर में दो चौके मारे। स्टब्स हालांकि इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और रन लेने की कोशिश में कोनोली के सटीक निशाने पर रन आउट हुए।

## कांस्य जीत कोमल ने खाता खोला

**गांधीनगर।** कोमल कोहर ने सोमवार को यहां एशियाई भारोत्तोलन में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर मेजबान भारत का पदकों का खाता खोला। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह खेलते हुए कोमल ने कुल 177 किग्रा भार उठाया। 78 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा वजन था।

# रियाल का रास्ता रोककर बार्सिलोना 29वीं बार ला-लिगा चैंपियन बनी



**एजेंसी ▸▸ पटनाबार्सिलोना**

दुनिया के मशहूर फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने लगातार दूसरे साल स्पेनिश लीग-ला लिगा में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है। रविवार रात कैंप नोउ में खेले गए मुकाबले में उसने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराकर 29वीं बार खिताब पर कब्जा किया।

हालांकि अभी तीन दौर के मैच बचे हैं लेकिन बार्सिलोना के 35 मैच में 91 और रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं। ऐसे में बचे तीनों मैच जीतने पर भी रियाल की टीम उससे आगे नहीं पहुंच सकती। रियाल मैड्रिड को किलियन एमबापे की कमी खली जो चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाए। उन्होंने लीग में अभी सर्वाधिक 24 गोल किए हैं। मार्कस रशफोर्ड ने नौवें मिनट फ्री किक पर बार्सिलोना के लिए पहला गोल किया, जबकि 18वें मिनट में फेरान टॉरेस ने डैनी ओल्मो के पास पर पेनल्टी एरिया के अंदर से गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। रियाल मैड्रिड ने ला लिगा में रिकॉर्ड 36 खिताब जीते हैं लेकिन वह लगातार दूसरे साल कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीत पाया।

## श्रीकांत, सात्विक-चिराग के लिए खिताब की चुनौती

**बैंकॉक।** विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता और 2013 में थाइलैंड ओपन चैंपियन रहे किदांबी श्रीकांत के लिए मंगलवार से शुरू हो इस टूनामेंट में दूसरा खिताब जीतने की मुश्किल चुनौती होगी। इसके अलावा 2024 में यहां पुरुष युगल खिताब जीतने वाले शीर्ष वरीय सात्विक साइराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की नजर भी दूसरे खिताब पर होगी। श्रीकांत का सामना पहले मैच में आठवें वरीय लो कीन यू से होगा। दूसरी ओर, सात्विक-चिराग पहले मैच में इंडोनेशिया के मुह पुत्र एर्वियासियाह और बागास मौलाना से भिड़ेंगे। सातवें वरीय लक्ष्य पहले मैच में सिंगापुर के जैसन तेह जिया हेंग से खेलेंगे।


**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### एआई की मदद से फोटो एडिट कर छात्रा को ब्लैकमेल कर सगाई तुड़वाई

**इंदौर।** बाणगंगा में रहने वाली एक कॉलेज छात्रा ने अपने परिचित युवक पर एआई की मदद से फोटो एडिट कर बदनाम करने और सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक निजी कॉलेज में फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही छात्रा की शिकायत पर विशाल पुत्र पप्पू गुर्जर निवासी राऊ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने बताया कि साल 2024 में उसकी बहन की शादी के दौरान विशाल से पहचान हुई थी। शादी समारोह में दोनों के बीच सामान्य बातचीत हुई और इसी दौरान आरोपी ने कुछ फोटो भी लिए थे। कुछ समय बाद विशाल ने छात्रा पर शादी का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर उसने धमकी दी कि शादी में खींची गई तस्वीरों को एआई से एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। छात्रा के अनुसार आरोपी लगातार बात करने और रिश्ता स्वीकार करने का दबाव बनाता रहा। जब परिवार ने दूसरी जगह शादी की बात शुरू की तो विशाल ने वहां भी बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने यह बात अपनी बहन और जीजा को बताई। परिवार ने आरोपी से बात की तो उसने मोबाइल पर अभद्रता की और छात्रा के एडिट किए हुए फोटो भेज दिए। करीब दो महीने पहले जब युवती की सगाई हुई तो आरोपी उसके घर पहुंच गया और मंगेतर के सामने युवती को लेकर कई बातें कही। इसके बाद सगाई टूट गई। छात्रा ने पुलिस को बताया कि आरोपी की हरकतों से वह मानसिक रूप से टूट गई थी और आत्महत्या तक का विचार आने लगा था। बाद में परिवार ने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने आरोपी विशाल गुर्जर के खिलाफ ब्लैकमेलिंग, धमकी और आईटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इंदौर में ऑटो में बैठाकर बड़नगर के व्यापारी को लूटा, पुलिस जांच में जुटी

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में बड़नगर से खरीदारी करने आए एक स्टोर्स कर्मचारी के साथ लूट की वारदात हो गई। बदमाश ऑटो में बैठाकर उसे सुनसान इलाके में ले गए और रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में करीब 1 लाख 70 हजार रुपए रखे हुए थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी गणेश सिंह सोलंकी रविवार शाम बड़नगर से ट्रेन के जरिए इंदौर पहुंचे थे। वे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर उतरे और सियागंज जाने के लिए ऑटो किया। बताया जा रहा है कि ऑटो में पहले से एक युवक बैठा हुआ था। ऑटो चालक ने कहा कि पहले वह युवक को राजबाड़ा छोड़ेगा, उसके बाद गणेश को सियागंज छोड़ देगा। इसके बाद आरोपी गणेश को लेकर राजकुमार ब्रिज के पास पहुंचे। यहां गणेश को शंका हुई तो उन्होंने ऑटो रोकने के लिए कहा। इसी दौरान ऑटो चालक और उसके साथी ने विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों ने गणेश को धक्का देकर उसका बैग छीन लिया और ऑटो लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने तुरंत अपने मालिक को घटना की जानकारी दी और बाद में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### ग्राहक को लेकर शुरू हुई कहासुनी हाथापाई में बदली, दोनों पक्ष पुलिस के पास पहुंचे



**इंदौर।** सराफा बाजार में मंगलवार दोपहर दो दलालों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष सड़क पर विवाद और हाथापाई करते दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार सराफा मार्केट में एक दुकान के बाहर ग्राहक को लेकर दो दलालों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों ने सड़क पर जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। सराफा थाना के टीआई राजकुमार लिटोरिया के मुताबिक राहुल बाघले चांदी मार्केट में खड़ा था। यहां पर रामराज यादव से उसका विवाद हुआ। उसके साथ अजय परिहार, गोविंद चौरसिया व एक अन्य ने मिलकर मारपीट की। टीआई के मुताबिक तीनों आरोपियों को हिरासत मे लिया है। वहीं एक अन्य आरोपी की तलाश कर रहे हैं। उनके मुताबिक दलाली की बात को लेकर ही उनका आपस में विवाद हुआ था।

### डंपर की टक्कर से पिकअप वाहन पलटने से ड्राइवर गंभीर घायल

**इंदौर।** विजयनगर चौराहा पर मंगलवार अलसुबह तेज रफ्तार डंपर और पिकअप वाहन की टक्कर में बड़ा हादसा हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार सुबह करीब 4.30 बजे की है। डंपर ने पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप काफी दूर तक घसीटाती चली गई और बाद में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पिकअप चालक को वाहन से बाहर निकाला। उसके सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल अस्पताल रवाना किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस की एफआरवी टीम मौके पर पहुंची और डंपर को जब्त कर लिया। वहीं फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार पिकअप वाहन रेडिसन होटल की तरफ से आ रहा था, जबकि डंपर रसोमा चौराहे की ओर से आ रहा था। शुरूआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे की वजह मानी जा रही है।

### पार्लर संचालिका को लात-घूंसों से पीटा, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक पार्लर संचालिका के साथ मारपीट और बदनाम करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को एक महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शिवानी नाम की युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह पार्लर संचालित करती है। करीब दो साल पहले उसकी आनंद नामक युवक से दोस्ती हुई थी। इसी दौरान नेहा दुबे नाम की महिला का उसके पास फोन आया और उसने आनंद के बारे में पूछताछ शुरू कर दी। साथ ही दोनों की रिलेशनशिप को लेकर भी जानकारी ली। शिकायत में शिवानी ने बताया कि बाद में नेहा दुबे उससे लगातार संपर्क करने लगी। नेहा की शादी होने के बाद भी वह शिवानी पर दबाव बनाती रही कि वह आनंद से कहे कि वह उससे बात करे। जबकि आनंद ने नेहा की शादी के बाद उससे बातचीत बंद कर दी थी। इसी बात को लेकर नेहा शिवानी को जिम्मेदार मानने लगी। आरोप है कि सोमवार को नेहा दुबे अपने पति आयुष के साथ शिवानी के घर पहुंची और आवाज देकर उसे बाहर बुलाया। यहां आनंद से बातचीत बंद होने को लेकर विवाद शुरू हो गया। नेहा ने आरोप लगाया कि शिवानी की वजह से उसकी और आनंद की रिलेशनशिप खराब हुई है। शिवानी के अनुसार विवाद के दौरान नेहा ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की, बाल पकड़कर घर के सामने गिरा दिया और पेट में भी लात मारी। शोर सुनकर मकान मालिक और आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। विजयनगर पुलिस ने शिकायत के आधार पर नेहा दुबे के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### गर्मी बढ़ने के साथ इंदौर में पानी का संकट गहराने लगा, पार्षद के साथ सड़क पर उतरे रहवासी, विकास नगर में किया चक्काजाम

# रहवासियों ने फोड़े मटके, नगर निगम के खिलाफ की नारेबाजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गर्मी बढ़ने के साथ इंदौर में पानी का संकट गहराने लगा है। मंगलवार को विकास नगर इलाके में पानी की समस्या से परेशान रहवासियों ने सड़क पर चक्काजाम किया और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने खाली मटके फोड़े और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की।

विकास नगर स्थित पानी की टंकी के पास पार्षद सोनिला मिमरोट के साथ रहवासी सड़क पर बैठ गए। सभी ने हाथों में खाली मटके लेकर प्रदर्शन किया और महापौर पुष्यमित्र भार्गव व नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की।





### पानी नहीं मिलने का आरोप

- प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि इलाके में लंबे समय से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। पार्षद ने आरोप लगाया कि कई महीनों से लगातार शिकायत के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया।
- बताया जा रहा है कि इंटरकनेक्शन के जरिए पानी नेहरू नगर की ओर डायवर्ट किया जा रहा है, जिससे कई इलाकों में पानी का प्रेशर कम हो गया है और दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

### नगर निगम पर कार्रवाई की मांग

प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। स्थिति को देखते हुए इलाके में तनाव का माहौल बना रहा।

# सास ने जींस पहनने पर डांटा तो बहू ने लगाई फांसी

## ससुराल में पहली बार पहनी थी; परिजन बोले- दहेज को लेकर ताने मारते थे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में सोमवार दोपहर सास ने जींस पहनने पर डांटा तो बहू ने सुसाइड कर लिया। कमरे के अंदर फंदे से लटकी लाश मिली है। मायके पक्ष ने पति और सास पर प्रताड़ना, दहेज के ताने और मानसिक दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं।

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान गौरी (22) पत्नी राहुल के रूप में हुई है। सोमवार दोपहर घर में मौजूद उनकी छोटी बेटी रो रही थी। इस दौरान पति राहुल ने पत्नी गौरी को आवाज लगाई, लेकिन कमरे से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद राहुल कमरे में पहुंचा तो गौरी फंदे पर लटकी मिली।

परिवार के लोगों के अनुसार, गौरी ने पहली बार ससुराल में जींस पहनी थी। इसी बात को लेकर उसकी सास शारदा नाराज हो गईं। गौरी की बहन पूजा ने बताया कि उनकी चचेरी बहन किरण भी उस समय घर पर मौजूद थी, जो पिछले एक महीने से गौरी के साथ रह रही थी।





पूजा के मुताबिक, जैसे ही गौरी जींस पहनकर बाहर आई, सास शारदा अंदर पहुंचीं और उसे डांटने लगीं। इस दौरान सास ने राहुल को भी बुरा-भला कहा। बताया जा रहा है कि इस विवाद के बाद गौरी काफी आहत हो गई। अपने कमरे में चली गई। इस वक्त पति राहुल मोबाइल चला रहा था, जबकि गौरी की छोटी बच्ची हॉल में खेल रही थी।

मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही गौरी को प्रताड़ित किया जा रहा था। परिवार का कहना है कि पति राहुल और सास शारदा उसे दहेज को लेकर ताने मारते थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राहुल लंबे समय से कोई काम नहीं कर रहा था, जिससे घर में अक्सर विवाद होते थे।

### पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया शव

द्वारकापुरी पुलिस ने बताया- शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा। मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शादी से पहले मेडिकल में नौकरी की बात कही थी

जानकारी के मुताबिक, गौरी के सास-ससुर गोपुर इलाके में मंदिर के पास प्रसाद और हार-फूल की दुकान लगाते हैं। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी तय करते समय राहुल के परिवार ने कहा था कि वह मेडिकल लाइन में काम करता है, लेकिन शादी के बाद पता चला कि राहुल कोई नौकरी नहीं करता। इसी बात को लेकर भी परिवार में तनाव बना रहता था।

### मजदूर परिवार से थी गौरी

गौरी की शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी। उसके परिवार में दो बड़ी बहनें और एक छोटा भाई है। माता-पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटी की मौत के बाद परिवार सदमे में है।

#### नवलखा से बसें नहीं हटी तो होगा आंदोलन

## एमआईसी मेंबर का अल्टीमेटम कहा- सड़क पर उतरेंगे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नवलखा इलाके में बसों में सोमवार को आग लग गई। इस घटना के बाद अब नगर निगम के एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा ने 12 दिनों का अल्टीमेटम दे दिया है। उनका कहना है कि यदि बसों को यहां से नहीं हटाया गया, तो वे रहवासियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे।

आग लगने की घटना के बाद बसों को हटवाने की मांग को लेकर वे धरने पर भी बैठ गए थे। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक वे धरने पर बैठे रहे। इसके बाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत हुई, तब जाकर उन्होंने धरना समाप्त किया।

एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा का कहना है कि यहां पहले भी बसों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। यह एक रहवासी इलाका है, जहां करीब 50 हजार लोग निवास करते हैं। ऐसे में बसों का यहां खड़ा रहना और आग लगने जैसी घटनाएं होना कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

#### नगर निगम कार्रवाई के दौरान

## आम बेचने वाले ने गले पर रखा चाकू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में सड़क पर ठेला लेकर घूमना एक ठेले वाले को सोमवार दोपहर इतना भारी पड़ गया कि उसने अपना ठेला बचाने के लिए खुद के गले पर चाकू रख लिया। ठेले वाले ने यहां तक कह दिया कि यदि ठेला ले गए तो वह जान दे देगा। कार्रवाई के दौरान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है।

दरअसल, पलसीकर इलाके में रहने वाला 28 वर्षीय मोहम्मद शाहरुख सिद्दीकी मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह पिछले 12-13 सालों से इंदौर में रह रहा है। उसने बताया कि सोमवार को वह आम का ठेला लेकर निकला था। जयरामपुर कॉलोनी में वह खाना खाने पहुंचा, लेकिन वहां उसे खाना नहीं मिला। इसके बाद वह पलसीकर चौराहे के पास पहुंचा। यहां खाना खाने के बाद जैसे ही वह ठेला लेकर निकला, तभी एक महिला ने उससे आम के दाम पूछे और दो किलो आम खरीद लिए। ठेला संचालक ने बताया कि आम देकर वह ठेला आगे बढ़ाने ही वाला था कि तभी अचानक वहां नगर निगम के कर्मचारी आ गए और उसे घेर लिया। उन्होंने ठेला सड़क किनारे लगवाया और आम भरने को कहा। विरोध करने पर कर्मचारी खुद ही आम भरने लगे। उसने उन्हें मना भी किया, लेकिन वे नहीं माने और ठेला उठाने के लिए बड़ी गाड़ी बुला ली।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)




पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com